# विशाल इण्डिया

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

सच्चाई की राह पर!

वर्ष: 13 | अंक: 50 | गौतमबुद्धनगर, शुक्रवार 19 जनवरी 2024 | पृष्ठ : 08 मूल्य : 02 रुपये | आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236




P- 3

हंगामा : नोएडा प्राधिकरण के गेट पर किसानों ने



P- 4

चंदौली में पुलिस मुठभेड़ में बावरिया गिरोह के आठ सदस्य गिरफ्तार



P- 5

बलोचों के कारण दोनों इस्लामिक देश पाकिस्तान और ईरान एक-दूसरे के



P- 6

ऋषभ, राहुल और सैमसन सहित सभी खिलाड़ी टी20 विश्वकप की योजनाओं में



## हैप्पी मॉर्निंग


संता अपनी गर्भवती बीवी को अस्पताल ले गया और नर्स से बोला... अगर लड़का हो तो कहना कि टमाटर हुआ है...और अगर लड़की हो तो कहना प्याज हुई है..! इत्तेफाक से लड़का और लड़की दोनों जुड़वा हो जाते हैं नर्स कन्फ्यूजन में बाहर आई और बोली सर बधाई हो.. 'सलाद' हुआ है..!



## शायरी

फना होने की इज़ाजत ली नहीं जाती
ये वतन की मोहब्बत है जनाब पूछ के की नहीं जाती

## अर्थसार



संसेक्स:
71,186.86
-313.90 (0.44%)
निफ्टी:
21,462.25
-109.70

## मौसम



अधिकतम : 16 डिग्री से0
न्यूनतम : 08 डिग्री से0
सूर्योदय शनिवार : 7 : 14
सूर्यास्त शुक्रवार : 5 : 50

# एअर इंडिया-स्पाइसजेट पर 30-30 लाख का जुर्माना

**कोहरे के दौरान ट्रेंड पायलट्स की ड्यूटी नहीं लगाई थी, इससे कई फ्लाइट्स लेट-डायवर्ट हुईं**



नई दिल्ली। खराब मौसम में पायलट्स की ड्यूटी लगाने में लापरवाही बरतने को लेकर स्पाइसजेट और एअर इंडिया पर 30-30 लाख रुपए का जुर्माना लगा है। डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एसोसिएशन ने बुधवार (17 जनवरी) को दोनों एयरलाइंस के खिलाफ ये कार्रवाई की।

डीजीसीए की तरफ से बताया गया कि दिसंबर 2023 में फ्लाइट्स के लेट, कैंसिल और डायवर्ट होने के डेटा का एनालिसिस किया गया था।

इसमें पता चला कि कोहरे के कारण 25 से 28 दिसंबर के बीच दिल्ली एयरपोर्ट पर करीब 60 फ्लाइट्स लेट हुई थीं। इनमें सबसे ज्यादा एअर इंडिया और स्पाइसजेट की फ्लाइट्स थी। जांच में पता चला कि एअर इंडिया और स्पाइसजेट ने खराब मौसम के बावजूद सीएटी-3 की ट्रेनिंग ले चुके पायलट को ड्यूटी पर नहीं लगाया गया था। दोनों एयरलाइंस ने विमान उड़ाने की जिम्मेदारी उन पायलट्स को सौंपी, जिनके पास सीएटी-3 की ट्रेनिंग नहीं थी। इसके कारण ज्यादातर फ्लाइट्स लेट और डायवर्ट हुईं।

सीएटी-3 यानी कैटेगरी-3 खराब मौसम में फ्लाइट्स की सुरक्षित लैंडिंग कराने का इंटरनेशनल स्टैंडर्ड है। इसमें एडवांस ऑटोपायलट, ग्राउंड इक्विपमेंट और प्रिसिशन इंस्ट्रूमेंट अप्रोच शामिल होता है, जिसकी मदद से कम विजिबिलिटी के दौरान फ्लाइट की लैंडिंग कराई जाती है।

## एलओसी के पास बारूदी सुरंग में विस्फोट, सेना का एक जवान शहीद; दो घायल

जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा के पास नौशेरा में एक पुरानी बारूदी सुरंग में विस्फोट होने से सेना का एक जवान शहीद हो गया। शुरुआती रिपोर्ट के मुताबिक, विस्फोट में कम से कम दो अन्य सैनिक घायल हुए हैं। घायल जवानों को अस्पताल ले जाया गया है। इस बीच सेना ने इलाके की घराबंदी कर सर्च अभियान शुरू कर दिया है। सुरंग में विस्फोट उस समय हुआ जब सेना का गश्ती दल एलओसी पर नियमित निगरानी कर रहा था। इसी दौरान जवान पर पैर वहां बिछी लैंडमाइन पर पड़ गया। बता दें कि गणतंत्र दिवस और अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले जम्मू और कश्मीर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। क्षेत्र में चाक चौबंद सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भारत-पाकिस्तान सीमा सहित पूरे जम्मू क्षेत्र में सुरक्षाबलों और पुलिस को अलर्ट पर रखा गया है।

# वडोदरा में नाव पलटी, 13 बच्चे, 2 टीचर की मौत

**12 को बचाया; सेल्फी लेते समय बैलेंस बिगड़ा, किसी ने भी लाइफ जैकेट नहीं पहनी थी**



**वडोदरा।** गुजरात के वडोदरा के निकट हरणी झील में एक नाव पलटने की खबर सामने आई है। इस हादसे में 16 लोगों की मौत हो गई है। इसमें 13 छात्र और दो शिक्षक शामिल हैं। बताया जा रहा है कि नाव में निजी स्कूल के 27 छात्र सवार थे। मौके पर बचाव कार्य जारी है। नाव की क्षमता 14 लोगों की थी लेकिन इसमें 27 से ज़्यादा लोगों को सवार किया गया था। मृतक के परिवार को PMNRF की ओर से 2 लाख रुपये की और घायलों को 50 हजार की आर्थिक सहायता दी जाएगी। वहीं राज्य सरकार मृतक परिवार को 4 लाख रुपये देगी और घायलों को 50 हजार रुपये। हादसे का शिकार हुए सभी बच्चे वडोदरा के न्यू सनराइज स्कूल के हैं। इनमें से किसी भी बच्चे या टीचर ने लाइफ जैकेट नहीं पहनी थी। इसी वजह से जब नाव पलटी तो सभी पानी में डूबने लगे। गुजरात के गृहमंत्री हर्ष संघवी ने 16 लोगों की मौत कंफर्म की है। हरणी झील में डूबने से 14 बच्चे और 2 टीचर की मौत हुई है। वह वडोदरा के प्रभारी मंत्री भी हैं। सामने आया है कि हर्ष संघवी भी घटना स्थल पर पहुंच रहे हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, वडोदरा की मेयर पिंकी सोनी ने कहा कि पर्यटक बच्चों और शिक्षकों की नाव पलट गई है। अस्पताल में तैयारियां कर ली गई हैं। बचाव कार्य भी शुरू कर दिया गया है। बता दें कि वडोदरा शहर की हरणी झील का प्रबंधन वडोदरा नगर निगम के साथ अनुबंध के मुताबिक कोटिया फर्म करती है। घटना के वक्त नाव में कुल 23 बच्चे और 4 शिक्षक सवार थे।

# दिल्ली के पीतमपुरा की इमारत में आग, 6 की मौत

**फायर ब्रिगेड की 8 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं, घंटों मशक्कत के बाद पाया काबू**



नई दिल्ली। दिल्ली के पीतमपुरा में एक चार मंजिला इमारत में आग लगने से 6 लोगों की मौत हो गई। यह आग गुरुवार रात करीब 8 बजे इमारत की पहली मंजिल में लगी, जिसके बाद फायर ब्रिगेड की 8 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। कड़ी मशक्कत के बाद दमकल अधिकारियों ने आग पर काबू पाया और 6 लोगों को बाहर निकाला, लेकिन अस्पताल में सभी ने दम तोड़ दिया।

घटना के बाद डीसीपी जितेंद्र मीणा ने बताया कि आग लगने की वजह अभी सामने नहीं आई है, लेकिन संभावना जताई जा रही है कि शॉर्ट सर्किट के कारण यह हादसा हुआ। मरने वालों में अलग-अलग परिवार की 4 महिलाएं और 2 पुरुष हैं। सभी की उम्र 25 साल से ऊपर है, जो मकान में किराए से रह रहे थे।

### तीसरी मंजिल तक पहुंचा आग का धुआं

एजेंसी के मुताबिक, इमारत के ग्राउंड फ्लोर पर पार्किंग बनी हुई है। आग पहली मंजिल पर भड़की और इसका धुआं तीसरी मंजिल तक पहुंच गया।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इमारत स्टील व्यापारी सुभाष गुप्ता के नाम पर है और घटना के वक्त वह वहां मौजूद नहीं था।

## ठंड से दिल्ली में घना कोहरा, विलंब से चल रही 18 ट्रेनें

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में कड़ाके की ठंड और घना कोहरा छाये रहने के कारण दिल्ली आने वाली 18 ट्रेनें विलंब से चल रही है वहीं हवाई यातायात पर भी असर पड़ा है। रेलवे सूत्रों के मुताबिक दिल्ली आने वाली करीब 18 ट्रेनें देरी से चल रही हैं। लंबी दूरी की ट्रेनों में पुरी-निजामुद्दीन पुरूषोत्तम एक्सप्रेस अपने तय समय से करीब छह घंटे की देरी से चल रही है। वहीं पांच अन्य ट्रेनें भी तीन से पांच घंटे विलंब से चल रही है। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पालम वेधशाला के मुताबिक दृश्यता घटकर केवल 50 मीटर रह गयी, जिसका उड़ानों पर असर पड़ा।

# ओडिशा में ट्रक से कुचल कर चार मजदूरों की मौत

**एजेंसी**

भुवनेश्वर। ओडिशा के भुवनेश्वर में गुरुवार तड़के ट्रक से कुचल कर चार मजदूरों की मौत हो गयी और एक अन्य घायल हो गया।

स्थानीय सूत्रों ने बताया कि यह दुर्घटना तब हुई, जब सभी मजदूर ट्रक के नीचे सो रहे थे।

सूत्रों ने बताया कि मध्य प्रदेश के पांच मजदूर बरगढ़ जिले के मेलचामुंडा थानांतर्गत बिरजम गांव में एक बोरवेल की खुदाई का काम कर रहे थे। सभी मजदूर कल रात ट्रक के नीचे सो रहे थे, तभी ड्राइवर ने अनजाने में वाहन स्टार्ट करने की कोशिश की और रिवर्स गियर डाल दिया, जिससे सभी मजदूर वाहन के पहिये के नीचे आ गए। चार मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई और घटना में गंभीर रूप से घायल एक को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस ने बताया कि ठेकेदार को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है और मृतक मजदूरों की पहचान की जा रही है।

# केरल हेली-टूरिज्म नीति लाने वाला पहला प्रदेश बना

नयी दिल्ली। केरल पर्यटन विभाग ने वर्ष 2024 में नये कीर्तिमान स्थापित करने के प्रयास के तहत हेली-टूरिज्म सिहित कई योजनाओं को नया रूप दे रहा है।

पर्यटन सचिव के बीजू ने गुरुवार को यहां संवाददाताओं को बताया कि केरल व्यापक हेली-टूरिज्म की नीति लाने वाले देश का पहला राज्य है। इसके तहत हेलीकॉप्टर सेवा प्रदाताओं की ओर से पेश किये गये पैकेजों का विवरण देने वाली एक माइक्रो-साइट बनायी गयी है।

यह एक ही बार में विभिन्न स्थलों की यात्रा करने की योजना बना रहे पर्यटकों के लिये बहुत मददगार सिद्ध होगी। इससे राज्य परस्पर जुड़ा एक पर्यटन हॉटस्पॉट बन जायेगा।

उन्होंने बताया कि केरल को वैश्विक एडवेंचर टूरिज्म मानचित्र पर लाने के उद्देश्य से सरकार ने इस वर्ष चार अंतरराष्ट्रीय साहसिक खेल (एडवेंचर स्पोर्टस) आयोजनों की मेजबानी करने का निर्णय लिया है।

राज्य में पहाड़ों, नदियों, समुद्र तटों और नहरों का मिश्रण होने के कारण बिग टिकट वाला एडवेंचर टूरिज्म कार्यक्रम भी शुरू किया जाने वाला है। इससे इस क्षेत्र में अपार संभावनायें उत्पन्न होंगी।

**आदेश** | **स्वास्थ्य मंत्रालय ने जारी किया नोटिफिकेशन, कहा- इन दवाओं को ज्यादा बढ़ावा न दें**

# डॉक्टरों को एंटीबायोटिक्स लिखने का कारण बताना होगा

**एजेंसी**



नई दिल्ली। एंटीबायोटिक दवाओं को लेकर डायरेक्टरेट जनरल ऑफ हेल्थ सर्विस ने भारत के सभी फार्मासिस्ट एसोसिएशन्स को लेटर लिखा है। इसमें फार्मासिस्ट्स से अपील की गई है कि वे एंटीबायोटिक की दवा डॉक्टर्स के प्रिस्क्रिप्शन के बिना न दें।

देश में एंटीबायोटिक दवाओं का उपयोग बढ़ गया है, जो इंसान के स्वास्थ्य के लिए काफी नुकसान है। इसी को देखते हुए ये फैसला लिया गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के तहत आने वाले DGHS ने लेटर में डॉक्टर्स से अपील की गई है कि वे एंटीबायोटिक दवाओं को ज्यादा बढ़ावा न दें और आदेशों को प्रभावी रूप सुनिश्चित करें। अगर मरीज लो एंटीबायोटिक्स लेने की सलाह दे रहे हैं तो इसका कारण भी बताएं।

### 2019 में लगभग 13 लाख मौतें हुई

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के लेटर में कहा गया है कि एंटीमाइक्रोबॉयल रेजिस्टेंस ग्लोबल तौर पर बड़े सार्वजनिक स्वास्थ्य खतरों में से एक है। एक अनुमान के मुताबिक, 2019 में लगभग 13 लाख मौतों के लिए बैक्टीरियल AMR सीधे तौर पर जिम्मेदार था। इसके अलावा 50 लाख मौतें ड्रग रेजिस्टेंस इंफेक्शन से हुई हैं। दरअसल, 20वीं सदी के शुरुआत से पहले सामान्य और छोटी बीमारियों से भी छुटकारा पाने में महीनों लगते थे, लेकिन एंटीमाइक्रोबियल ड्रग्स (एंटीबायोटिक, एंटीफंगल, और एंटीवायरल दवाएं) के इस्तेमाल से बीमारियों का तुरंत इलाज होने लगा। एंटीबायोटिक का इस्तेमाल बैक्टीरिया को मारने के लिए किया जाता है। लेकिन अगर कोई व्यक्ति बार-बार एंटीबायोटिक का इस्तेमाल कर रहा है तो बैक्टीरिया उस दवा के खिलाफ अपनी इम्युनिटी डेवलप कर लेता है। इसके बाद इसे ठीक करना काफी ज्यादा मुश्किल होता है।

# मणिपुर के थौबल में पुलिस हेडक्वार्टर पर फायरिंग

**बीएसएफ के दो जवान घायल; सुरक्षा सलाहकार बोले- हमले के पीछे म्यांमार के उग्रवादी**



इंफाल। मणिपुर के थौबल जिले में उपद्रवियों ने बुधवार रात (17 जनवरी) पुलिस हेडक्वार्टर पर हमला किया। उपद्रवी भीड़ की तरफ से की गई फायरिंग में तीन जवान घायल हो गए। पुलिस के अनुसार भीड़ ने पहले हेडक्वार्टर में दाखिल होने की कोशिश की थी। जब पुलिस ने उन्हें रोकने के लिए बल प्रयोग किया, तो भीड़ के बीच से कुछ उपद्रवियों ने फायरिंग कर दी।

घायल जवानों की पहचान कांस्टेबल गौरव कुमार, एएसआई सोबराम सिंह और एएसआई रामजी के तौर पर हुई है। इन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इससे पहले भीड़ ने खंगाबोक के इंडियन रिजर्व बटालियन पर हमला किया था, जहां से सुरक्षाबलों ने उपद्रवी भीड़ पर बल प्रयोग कर उन्हें खदेड़ दिया था।

घटना के बाद जिला प्रशासन ने थौबल में कर्फ्यू लगा दिया है। हालांकि स्वास्थ्य, मीडिया सहित जरूरी सेवाओं से जुड़े लोगों और कोर्ट के कामकाज में शामिल लोगों समेत हवाई अड्डों पर जाने वाले यात्रियों को कर्फ्यू के दायरे से छूट दी गई है।

मणिपुर के सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह ने गुरुवार को आशंका जताई कि मणिपुर के सीमावर्ती शहर मोरेह में पुलिस कमांडो पर हुए हमले में म्यांमार के कुछ उग्रवादी शामिल हो सकते हैं।

### बुधवार सुबह मोरेह गांव में सुरक्षाबलों पर उपद्रवियों ने किया था हमला

इससे पहले बुधवार सुबह म्यांमार सीमा से लगे मणिपुर के तेंगनौपाल जिले के मोरेह गांव में भारी हथियारों से लैस उग्रवादियों ने सुरक्षाबलों की गाड़ी पर हमला कर दिया था। इसमें दो जवानों सहित एक कुकी समुदाय की महिला की मौत हो गई थी। पुलिस ने बताया कि बुधवार सुबह मोरेह में सुरक्षाबलों और उग्रवादियों के बीच तीन अलग-अलग जगहों पर मुठभेड़ हुई। उपद्रवियों ने मोरेह एसबीआई के पास सुरक्षाबलों की एक चौकी पर बम फेंके और गोलीबारी की। उग्रवादियों ने अस्थायी कमांडो पोस्ट पर गोले भी दागे, जिससे आसपास खड़े कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए।




# इंडिया गठबंधन की बढ़ती मुश्किलें

चुनाव आयोग लोकसभा चुनाव की घोषणा भले अभी दो महीने बाद करेगा, पर देश की पूरी राजनीति इसके इर्द-गिर्द घूम रही है। इस समय राष्ट्रीय स्तर पर दो प्रमुख समूह भाजपा के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन या राजग तथा 'इंडिया' गठबंधन हैं। इन दो प्रमुख समूहों की स्थिति के आकलन से लोकसभा चुनाव की अस्पष्ट ही सही, लेकिन तस्वीर जरूर बन जाती है। भाजपा ने कहा है कि वह 2024 में 50 फीसदी वोट का लक्ष्य लेकर बढ़ रही है। जबकि, 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों ने श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने का निमंत्रण ठुकराकर समय की धारा को फिर न पहचानने का प्रमाण दिया है। खुद कांग्रेस के कुछ नेताओं ने सोनिया गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा निमंत्रण ठुकराने पर दुख भी प्रकट कर दिया है।

वर्ष 2014 में नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता तथा उनके नेतृत्व में भाजपा के सत्ता में आने का मूल कारण ही हिंदुत्व प्रेरित राष्ट्रीय चेतना तथा भारत को अपनी पहचान के साथ विश्व के उच्चतम शिखर पर देखने का जनता के अंदर पैदा हुआ प्रबल भाव ही था। 2004 में सत्ता में आने पर यूपीए अध्यक्ष के रूप में सोनिया गांधी के प्रभाव में चलने वाली मनमोहन सिंह सरकार ने स्वयं को सेक्यूलर साबित करने के लिए सच्चर आयोग से लेकर अल्पसंख्यक मंत्रालय का गठन तथा रामसेतु और राम को कल्पना का विषय न्यायालय में बताकर अपनी स्थिति धीरे-धीरे कमजोर करनी शुरू कर दी थी।

सत्ता से बाहर होने के बावजूद कांग्रेस, जिसका वास्तविक नेतृत्व सोनिया गांधी और राहुल गांधी के हाथों में दिखता है, प्रकारांतर से इस नीति को आगे बढ़ा रही है। एक ओर देश का राममय वातावरण और दूसरी ओर राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की तुलना करें, तो दिख जाएगा कि विचार के स्तर पर बिल्कुल दो धाराएं देश में बन चुकी हैं। 'इंडिया' गठबंधन अब तक एक इकाई नहीं बन सका है, जिसका प्रमाण बीती 12 जनवरी को आयोजित इसकी बैठक में भी मिला, जिसमें गठबंधन के कई प्रमुख नेता शामिल नहीं हुए। दूसरी ओर नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के अंदर कोई विभाजन नहीं है।

चुनाव में नेतृत्व का चेहरा अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। नरेंद्र मोदी के समानांतर विपक्ष में कोई नेता नहीं, जिसे जनता उनके समक्ष या बड़ा मान सके। 'इंडिया' गठबंधन में नेतृत्व को लेकर व्यापक मतभेद हैं, क्योंकि अनेक नेताओं की महत्वाकांक्षा प्रधानमंत्री बनने की है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी तीसरी पारी में भारत को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था तथा 2047 तक वैश्विक महाशक्ति बनाने का लक्ष्य निर्धारित कर दिया है। वहीं, विपक्ष मोदी, संघ और भाजपा विरोध की नीतियों तक सीमित है। विपक्षी नेताओं ने जिस तरह सनातन और हिंदुत्व से लेकर उत्तर के राज्यों को गोमूत्र की संज्ञा देने तथा उत्तर और दक्षिण के बीच विभाजन पैदा करने संबंधी बयान दिए हैं, उनसे देश के बहुमत में जो नाराजगी पैदा हुई है, उसे संतुलित करने के लिए जितने बड़े मुद्दे और जैसे चेहरे चाहिए, विपक्ष में उनका नितांत अभाव है। विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस है।

कर्नाटक और तेलंगाना विधानसभा चुनाव में विजय से यह निष्कर्ष निकाला जा रहा है कि आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस 2019 से बेहतर प्रदर्शन करेगी। 2019 में भाजपा द्वारा जीती गई 303 लोकसभा सीटों में तेलंगाना से चार मिली थी, हालांकि तेलंगाना के इस बार के विधानसभा चुनाव में भाजपा को पिछली बार की तुलना में ज्यादा सीटें मिली हैं। कर्नाटक में पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा को 51.38 फीसदी वोट तथा 25 सीटें मिली थीं, जबकि कांग्रेस के पास मात्र एक सीट थी।

# चंद हाथों में कैसे सिमट रही है दुनिया की दौलत ?



मनोज कुमार अग्रवाल

दुनिया समेत भारत में भी अमीरों और गरीबों के बीच की खाई बढ़ रही है।लगातार कुछ दौलतमंद पूंजीवादी हाथों में दुनिया की दौलत सिमट रही है इनकी अमीरी लगातार द्रुत गति से बढ़ रही है जबकि गरीब मेहनत कश इंसान और रसातल में जा रहा है। आप को बता दें कि साल 2020 से लेकर 2023 तक दुनियाभर ने काफी कुछ देखा. इसी दौरान कोविड जैसी महामारी भी आई. रूस और यूक्रेन में जंग भी शुरू हो गई. फिर इजरायल उ चमकऔर हमास के बीच भी युद्ध शुरू हो गया. ऐसी ही कई घटनाएं हुई, जिसने दुनियाभर की अर्थव्यवस्था पर गहरा असर डाला. करोड़ों लोगों की नौकरियां गईं. करोड़ों परिवारों की बचत खत्म हो गई. नतीजा ये हुआ कि गरीब और गरीब होते चले गए, लेकिन इसके उलट कुछ ऐसे लोग भी जिनकी संपत्ति बेतहाशा बढ़ी।

अमेरिकी संस्था ऑक्सफैम इंटरनेशनल की रिपोर्ट बताती है कि साल 2020 से लेकर अब तक पांच अरबपतियों की संपत्ति 114 फीसदी बढ़ी है. इन्होंने हर घंटे 1.4 करोड़ डॉलर यानी 116 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की है. इसके उलट गरीब और गरीब हुए हैं. इतने ही सालों में पांच अरब लोग गरीब भी हुए हैं।इस रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि अगर अमीरों की संपत्ति इसी तरह बढ़ती गई, तो अगले 10 साल में दुनिया को पहला खरबपति मिल जाएगा. इसके साथ ही जिस रफ्तार से गरीबी बढ़ रही है, उसे खत्म होने में 230 साल का वक्त लगेगा। इनइक्विलिटी इंक' नाम से जारी हुई रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया के शीर्ष 5 अमीरों की दौलत बीते 4 साल के दौरान 869 बिलियन डॉलर बढ़ी है. मतलब बीते चार सालों के दौरान दुनिया के पांच सबसे अमीर लोगों को हर घंटे 14 मिलियन डॉलर की कमाई हो जाती है. भारतीय करेंसी में इस रकम को बदलें तो यह करीब 116 करोड़ रुपये हो जाता है. मतलब दुनिया के 5 सबसे अमीर लोगों को पिछले 4 साल के दौरान हर घंटे 100 करोड़ रुपये से ज्यादा कमाई हुई।

फोर्ब्स की रियलटाइम बिलेनियर्स लिस्ट के हिसाब से अभी दुनिया के सबसे अमीर इंसान एलन मस्क हैं, जिनकी मौजूदा नेटवर्थ 230 बिलियन डॉलर है. दूसरे नंबर पर 182.4 बिलियन डॉलर के साथ बर्नार्ड अर्नाल्ट हैं. अमेजन के जेफ बेजोस 176.9 बिलियन डॉलर की दौलत के साथ तीसरे स्थान पर हैं. वहीं 135.2 बिलियन डॉलर की नेटवर्थ के साथ लैरी एलिसन चौथे स्थान पर और 132.3 बिलियन डॉलर के साथ मार्क जुकरबर्ग पांचवें स्थान पर हैं. ऑक्सफेम की रिपोर्ट में पांच सबसे अमीर लोगों में जुकरबर्ग की जगह पर वारेन बफे को रखा गया है, जो मौजूदा नेटवर्थ के हिसाब से छठे स्थान पर खिसक गए हैं।

आप जान लें कि गरीबी और अमीरी के बीच की बढ़ती खाई को दर्शाने वाली ऑक्सफैम की ताजा रिपोर्ट के कुछ निष्कर्ष बेहद चिंताजनक है। दावोस में विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक के पहले दिन सोमवार को जारी ऑक्सफैम की वार्षिक असमानता रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया के पांच सबसे अमीर लोगों की संपत्ति 2020 के बाद से दोगुनी से अधिक अर्थात 405 अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 869 अरब अमेरिकी डॉलर हो गई है, ।

रिपोर्ट के मुताबिक, पांच अमीर व्यक्तियों के पास साल 2020 में 405 अरब डॉलर (करीब 34 लाख करोड़ रुपये) की संपत्ति थी, जो अब बढ़कर 869 अरब डॉलर (करीब 72 लाख करोड़ रुपये) हो गई है।

रिपोर्ट में ये भी बताया गया गया है कि अमीर मुल्कों में महज 21 फीसदी आबादी रहती है, लेकिन यहां के लोगों का दुनिया की 69 फीसदी संपत्ति पर मालिकाना हक है।

विश्व भर में सबसे अमीर 1 फीसदी लोगों के पास दुनिया की 43 फीसदी संपत्ति है। इनके पास मिडिल ईस्ट में 48 फीसदी, एशिया में 50 फीसदी और यूरोप में 47 फीसदी संपत्ति है।

जबकि इसी अवधि में पांच अरब लोगों की संपत्ति में गिरावट आई है और गरीबों की संख्या बढ़ी है. जाहिर है कि दुनियाभर में आर्थिक विकास का जो तंत्र अपनाया जा रहा है, वह कहीं न कहीं त्रुटिपूर्ण है, जिसमें सुधार करने की जरूरत है। दुनिया में समृद्धि बढ़े, यह खुशी की बात है लेकिन बहुत से लोगों के गरीब होने की कीमत पर अगर कुछ लोग समृद्ध हों तो यह चिंता की बात है. ऑक्सफैम की रिपोर्ट के अनुसार विश्व को जहां एक दशक में अपना पहला खरबपति मिल सकता है, वहीं अगर मौजूदा रुझान जारी रहते हैं तो दुनिया में व्याप्त गरीबी अगले 229 वर्षों में भी खत्म नहीं होगी. चौंकाने वाली बात तो यह है कि जिस कोविड-19 ने दुनियाभर में अरबों लोगों को प्रभावित किया, करोड़ों लोगों की आजीविका के साधन को छीना, उसी कोरोना के दो साल में अरबपतियों ने इतनी कमाई की, जितना उन्होंने पिछले 23 साल में नहीं कमाया था. महामारी आने के बाद दुनिया में 573 अरबपति बढ़ गए. यानी हर 30 घंटे में एक अरबपति बढ़ा और इन अरबपतियों की संपत्ति महामारी के दौर में 42 फीसदी यानी 293.16 लाख करोड़ रुपए बढ़ गई. दुनिया के 3.1 अरब लोगों के पास कुल मिलाकर भी इतनी संपत्ति नहीं है, जितनी संपत्ति 10 सबसे अमीर लोगों के पास है. निश्चित रूप से इस आर्थिक असमानता को दूर करने के लिए कारगर प्रयास किए जाने की जरूरत है, जिसमें अत्यधिक अमीरों पर ज्यादा टैक्स लगाना भी एक उपाय हो सकता है. गरीबी का स्वास्थ्य पर किस कदर असर पड़ता है, इसे इस तथ्य से समझा जा सकता है कि अमीर देशों में रहने वाले लोगों की औसत उम्र गरीब देशों में रहने वालों की तुलना में 16 साल ज्यादा है. साक्ष्य बताते हैं कि स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा और सामाजिक सुरक्षा पर किए जाने वाले खर्च से आय असमानता को कम कम किए जाने में मदद मिलती है. उदाहरण के लिए, यदि कोई सरकार मुफ्त और उच्च-गुणवत्ता वाली सार्वजनिक सेवाओं में निवेश करती है तो गरीब लोगों को उस पर खर्च नहीं करना पड़ता है, जिससे उनके पैसे बचते हैं. अमीरी-गरीबी की खाई जितनी ज्यादा बढ़ती है, उतना ही ज्यादा समाज में असंतोष बढ़ता है और कई तरह के अपराधों में भी वृद्धि होती है. इसलिए आय असमानता को कम से कम किया जाना बेहद जरूरी है। भारत सरकार इस रिपोर्ट को सिरे से खारिज नहीं कर सकती है। हमें इस असमानता को लेकर कुछ जरूरी कदम उठाने होंगे।

# सकारात्मक वातावरण सुखद भविष्य का संकेत

अवधेश कुमार

इसमें दो मत नहीं कि देश में अद्भुत राममय वातावरण बना है। बाजारों में श्रीराम से जुड़ी चीजों की खरीदारी की नई प्रवृत्ति देखी जा रही है। बाजार में रामजी के नाम से बने सिक्के, आभूषण वस्त्र आदि की मांग काफी बढ़ी है और इस कारण व्यापारिक गतिविधियां भी। आपको चलते-फिरते किसी ने किसी मोहल्ले में श्री राम जय राम की धुन से लेकर अन्य संकेत मिल जायेंगे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ परिवार की कोशिशों से 22 जनवरी के लिए लाखों की संख्या में मंदिरों ने कार्यक्रम की तैयारी की है। कांग्रेस या कम्युनिस्ट पार्टियों के वक्तव्य और व्यवहार से निस्संदेह, थोड़ा नकारात्मक वातावरण बना लेकिन यह साफ दिख रहा है कि आम लोगों ने इसे स्वीकार नहीं किया तथा पूरा वातावरण सकारात्मक है। स्वयं कांग्रेस पार्टी के अंदर भी सोनिया गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा निमंत्रण अस्वीकार करने का संपूर्ण समर्थन नहीं है। इससे पता चलता है कि लगभग तीन दशक बाद पूरे देश का वातावरण अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कैसा बना है। हालांकि 22 जनवरी के निमंत्रण को लेकर उन लोगों के अंदर थोड़ी निराशा और खीझ है जिन्होंने प्रतिबद्धता के साथ श्रीराम मंदिर के विषय को विपरीत परिस्थितियों में भी मुद्दे के रूप में बनाए रखने के लिए अपने निजी हितों की लगातार बलि चढ़ाई। ऐसे अवसर पर उनकी दुखद अनदेखी तथा ऐसे लोगों को, जिन्होंने या तो विरोध किया या सेक्युलरवाद विरोधी छवि न बने इस कारण खामोश रहे या बीच का रास्ता अपनाया या फिर जिन्होंने इन विषयों का संकुचित स्वार्थ के लिए उपयोग किया उन सबको निमंत्रण द्वारा प्रतिष्ठा देना ऐसे लोगों को कचोट रहा है। किंतु सबके मन में भाव यही है कि ध्वस्त किए गए मानविन्दुओं के 500 वर्षों बाद आध्यात्मिक अत:शक्ति को फिर से पुनर्प्रतिष्ठित करने का समय आया है तो ऐसे में विवाद खड़ा करके सकारात्मक वातावरण को कमजोर न किया जाए।

निश्चित मानिए ऐसे माहौल का संपूर्ण राष्ट्र के वर्तमान एवं भविष्य की दृष्टि से व्यापक प्रभाव होगा।

तात्कालिक रूप से हम भले यह गणना करें कि आगामी लोकसभा चुनाव में इसका लाभ किसे मिलेगा या इसेसे किनको क्षति होगी, पर श्रीराम के बाल विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा तथा मंदिर के संपूर्ण निर्माण का प्रभाव केवल चुनाव तक सीमित नहीं हो सकता। यह तो साफ है कि जिस पार्टी ने अयोध्या के विवादित स्थल पर श्रीराम मंदिर के पुनर्निर्माण को अपना लक्ष्य घोषित किया, उसके लिए आंदोलन अभियान चलाए उसे मंदिर निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा तक का श्रेय मिलेगा। जो पार्टियां आज राजनीतिक लाभ के लिए राम का उपयोग करने का आरोप लगातीं हैं उन्हें अपने गिरेबान में झांकने की आवश्यकता है। आखिर इन पार्टियों का ही नहीं, हमारे देश की मीडिया और बुद्धिजीवियों के बड़े समूह का श्रीराम मंदिर आंदोलन के प्रति रवैया क्या रहा? भाजपा ने जब से विवादित स्थल पर श्रीराम मंदिर निर्माण को अपने एजेंडे में शामिल किया तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रेरणा से विश्व हिंदू परिषद ने इसे आगे बढ़ाया तभी से पूरे परिवार के लिए कम्युनल फोर्सेस यानी सांप्रदायिक शक्तियां शब्द प्रयोग होने लगे।

# टाईम पास

## हवाई अड्डों पर बढ़ती भीड़

हवाई जहाज से कहीं जाने वाले लोग अब यह मानने लगे हैं कि इसमें भी उन्हें कई तरह की अव्यवस्था और दिक्कतों का सामना कर पड़ सकता है, भले ही वह परिस्थितिजन्य हो।

विमान से अपने गंतव्य तक आवाजाही को एक सबसे सुव्यवस्थित यात्रा के तौर पर देखा जाता रहा है। मगर पिछले कुछ समय से उड़ानों में देरी, विमान में तकनीकी खराबी से लेकर हवाई अड्डों पर बढ़ती भीड़ आदि से जैसे हालात पैदा हो रहे हैं, उसमें यह धारणा टूट रही है। हवाई जहाज से कहीं जाने वाले लोग अब यह मानने लगे हैं कि इसमें भी उन्हें कई तरह की अव्यवस्था और दिक्कतों का सामना कर पड़ सकता है, भले ही वह परिस्थितिजन्य हो।

हवाई यात्रा के दौरान किसी यात्री के दुर्व्यवहार या उसकी अराजकता से उपजी स्थिति बहस का मुद्दा बनती है और उसके बाद उस मामले में कानून या नियमों के मुताबिक कार्रवाई भी होती है। मगर विमानों में तकनीकी खराबी, लेटलतीफी और हवाई अड्डों पर अव्यवस्था को एक परिस्थितिजन्य समस्या मान कर उसे गंभीरता से नहीं लिया जाता है या फिर उसे दुरुस्त करने के आश्वासन पर लोग संतोष कर लेते हैं। जबकि विमान संचालन अपने समग्र रूप में एक बेहद संवेदनशील तंत्र है और इसमें किसी भी पहलू को नजरअंदाज करने या उसके प्रति लापरवाही बरतने का खमियाजा बेहद गंभीर हो सकता है।

पिछले कुछ महीनों के दौरान उड़ान के बाद किसी तकनीकी खराबी का पता चलने पर विमान को आपात स्थिति में किसी हवाई अड्डे पर उतारने की नौबत आई। जबकि विमान में आई तकनीकी खराबी के पहलू पर किसी तरह की कोताही न बरते जाने की उम्मीद की जाती है, क्योंकि इसमें बेहद मामूली लापरवाही के नतीजे का अंदाजा भर लगाया जा सकता है। विमान के भीतर भी कई प्रणाली चूंकि तकनीकी स्तर पर स्वचालित होती है, इसलिए सभी स्तर पर जांच में सब कुछ दुरुस्त पाए जाने के बाद ही उड़ान की इजाजत मिलनी चाहिए।


मंगलवार को मुंबई से बंगलुरु जा रहे एक विमान में जिस तरह शौचालय का दरवाजा बंद हो जाने से एक यात्री भीतर ही फंस गया और अपनी यात्रा का बाकी एक घंटा उसे उसी हालत में काटना पड़ा, वह दिखने में कोई सामान्य तकनीकी खामी लग सकती है। मगर यह समझना मुश्किल नहीं है कि ऐसी हालत में किस तरह के जोखिम पैदा हो सकते हैं। राहत की बात बस यह रही है कि विमान अगले पड़ाव पर उतरा और इंजीनियर की मदद से शौचालय के दरवाजे को खोल कर यात्री को सुरक्षित उतारा गया, उससे माफी मांगी गई, उसका किराया लौटाया गया।

सवाल है कि क्या सिर्फ खेद जाहिर करना और यात्री का किराया लौटा देना ऐसे मामलों का समाधान हो सकता है! कुछ ही दिन पहले उड़ान में व्यवधान या दस-बारह घंटे की देरी की वजह से दिल्ली हवाई अड्डे पर अफरातफरी का माहौल देखा गया। एक घटना में विमान में सवार एक यात्री ने सब्र खोकर चालक दल के सदस्य पर हमला भी कर दिया।

अत्यधिक देरी की वजह से एक विमान के यात्री हवाई पट्टी पर ही उतर कर बैठ गए और खानपान करने लगे। इसके अलावा, उड़ानों के अनुपात में हवाई अड्डों पर बढ़ती भीड़ से कई बार रेलवे स्टेशनों की तरह अव्यवस्था और अराजकता तक के हालात पैदा हो रहे हैं। अब नागरिक उड्डयन महानिदेशालय यानी डीजीसीए ने कोहरे या अन्य असामान्य स्थितियों की वजह से उड़ान में व्यवधान और देरी की स्थिति में यात्रियों की असुविधा के मद्देनजर कई नए निर्देश जारी किए हैं।


मगर अव्यवस्था पैदा होने के बाद कदम उठाने के बजाय अचानक उपजी मुश्किल से निपटने की पूर्व तैयारी प्रबंधन का एक अनिवार्य हिस्सा होना चाहिए, ताकि विमान यात्रा को सहज और सुरक्षित बनाया जा सके। खासतौर पर विमान में किसी भी स्तर पर तकनीकी खामी के मामले में कोई भी समझौता करने या अनदेखी करने की गुंजाइश नहीं होनी चाहिए।

## काकुरो पहेली - 3069



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



1+2 = 3
1+3 = 4
7+9 = 16
8+9 = 17

काकुरो - 3068 का हल



## हंसी के फूव्वारें

'तुम रेडियो पर सदा विदेशी स्टेशनों के कार्यक्रम ही क्यों सुनते रहते हो?'

'ताकि हमारे देश की बिजली कम खर्च हो.' दूसरे दोस्त ने बताया.

राजू- 'मेरी घरवाली की आंख में एक तिनका गिर गया था, उसे निकालने के लिए दस रुपये खर्च करने पड़े.'

मित्र बोला, 'मेरी घरवाली की आंख में एक साड़ी अटक गयी थी, उसे निकालने के लिए एक हजार रुपये खर्च करने पड़े.'

'पापा, मैंने आपके दोस्त को सही समय पर स्टेशन पहुंचा ही दिया.'

'लेकिन बेटा, स्टेशन तो बहुत दूर है और टैक्सी, बस, तांगे सबकी हड़ताल है. तुमने उन्हें ठीक समय पर कैसे पहुंचा दिया?'

'जी, वे कुत्ते से बहुत डरते थे, अपना कुत्ता उनके पीछे दौड़ाता रहा और उन्होंने भागकर ट्रेन पकड़ ली.'


एक महिला - 'आपने जो ताबीज पहन रखी है, वह क्या जन्तर-मन्तर है?'

दूसरी महिला हंस पड़ी, 'नहीं, इसमें मेरे आदमी के बाल हैं.'

पहली महिला आश्चर्य चकित होकर पूछा, 'क्या अब वे नहीं रहे?'

'नहीं, वे तो हैं, पर उनके बाल अब नहीं रहे.'

## फिल्म वर्ग पहेली- 3069



**बायें से दायें:-**

१. फरदीन, करीना की अमिताभ बच्चन की शीर्षक भूमिका वाली फिल्म-२
२. 'चल दरिया में डूब' गीत वाली राजेश खन्ना, हेमा, मुमताज की फिल्म-२,३
६. करणनाथ, मनीषा, नताशा की 'दिल तो उड़ने लगा' गीत वाली फिल्म-२
७. 'बाहर है प्रॉबलम' गीत वाली अमृता सिंह, अमिताभ, मीनाक्षी की फिल्म-३
८. अनिलकपूर, अक्षय, ऐश्वर्या की 'इस टूटे दिल की पीर' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'सुनता है मेरा खुदा' गीत वाली अनिलकपूर, माधुरी की फिल्म-३
११. जीतेंद्र, श्रीदेवी की 'गोरी तेरे अंग अंग में' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'बोल बेबी बोल' गीत वाली अनिलकपूर, मीनाक्षी की फिल्म-२,२
१६. बॉबी देओल, मनीषा, काजोल की 'दुनिया हसीनों का मेला' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'कोई माने या ना माने' गीत वाली फिरोजखान, रेखा की फिल्म-३
१९. देवआनंद, वहीदा की 'है अपना दिल तो आवारा' गीत वाली फिल्म-३,२
२३. 'गिर गया झुमका' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की फिल्म-३
२४. फिल्म 'तीसरी कसम' में राजकपूर के साथ नायिका कौन थी?-३
२५. प्राण, नवीन निश्चल, रेखा की 'ना सतरा से ऊपर' गीत वाली फिल्म-२
२६. 'तुझे प्यार करते करते' गीत वाली अजय देवगन, जूही की फिल्म-४
२७. अजय देवगन, रानी मुखर्जी की 'ना ना मेहंदी ना मुझको लगाना' गीत वाली फिल्म-२,२

**ऊपर से नीचे:-**

१. संजीवकुमार, शबाना आजमी की फिल्म-३
२. देवआनंद, वहीदा रहमान की 'रंगीला रे तेरे रंग में' गीत वाली फिल्म-२,३
३. 'कितना बेचैन होके' गीत वाली आफ ताब, लिसा रे की फिल्म-३
४. फिल्म 'रफूचक्कर' में ऋषिकपूर के साथ नायिका कौन थी?-२,२
५. फिल्म 'छैला बाबू' में राजेश खन्ना के साथ नायिका कौन थी?-३
९. अमिताभ, रितिक, प्रीती जिंटा की 'अगर मैं कहूँ' गीत वाली फिल्म-२
१२. 'तुम रूठ के मत जाना' गीत वाली भारतभूषण, मधुबाला की फिल्म-३
१३. किशोर कुमार, चाँद उस्मानी की 'छोटा सा घर होगा' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'दिल मेरा अकेला' गीत वाली आमिर, फैजल, टिवंकल की फिल्म-२
१५. फरदीनखान, उर्मिला की 'दो प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'तेरे प्यार का छाया नशा' गीत वाली आफताब, युक्ता मुखी की फिल्म-२
१९. फिल्म 'काश आप हमारे होते' का नायक कौन है?-२
२०. मिथुन चक्रवर्ती, टीना मुनीम की 'तुम सा नहीं देखा' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'ये लड़की जरा सी' गीत वाली कुमार गौरव, विजेयता पंडित की फिल्म-२,२
२२. मिथुन चक्रवर्ती, ऋतुपर्णा की 'गोरे रंग का जमाना' गीत वाली फिल्म-४
२३. 'मिर्ची ये मिर्ची' गीत वाली फिल्म-३

फिल्म वर्ग पहेली- 3068



## सूडोकु - 3069


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3068 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |

## शब्द पहेली - 3069



**बाएँ से दाएँ**

2. पिता की बहन-2
5. कठोर-2
7. खून, रुधिर-2
8. मशरुम, फफूंद-3,2
9. इसे मकड़ी बुनती है-2
10. अपशिष्ट पदार्थ-2
11. धैर्य, संयम-2
13. स्फूर्ति, चंचलता-4
15. ओस, निशाजल-4
17. राशि निर्धारण-5
18. हलकापन-5
20. खालीपन, रिक्तता-4
23. स्नान करवाना-4
26. दंड-2
27. कार्य-2
28. कुर्बानी-2
29. कहानी का लेखक-5
30. प्रतिबिंब-2
31. गाना, नगमा-2
32. मां की मां-2

**ऊपर से नीचे**

1. बंदूक की गोली-4
3. व्याकुलता-4
4. दौरान, मध्य में-5
5. सत्ताधारी-4
6. नरम, अकठोर-4
10. शराब, सुरा-2
12. ईश्वर-2
14. गतिशीलता-5
16. नवीन, नया -2,3
19. उद्योगपति अनिल अंबानी की पत्नी का पूर्व नाम-5
20. प्रतिपूर्त व अनुपुर्त करना (अंग्रेजी-4)
21. मवाद-2
22. नाजुकता-4
23. मना करना-4
24. मैं का बहुवचन -2
25. नाकारा, बेकार-4

शब्द पहेली -3068 का हल



# हंगामा : नोएडा प्राधिकरण के गेट पर किसानों ने लगाया ताला

## गेट पर चढ़कर हंगामा कर रहे, पुलिस से हुई नोकझोंक; किसान नेता सुखवीर खलीफा घायल

नोएडा। नोएडा प्राधिकरण के गेट पर गुरुवार को किसानों ने ताला जड़ दिया। किसान गेट पर चढ़कर हंगामा कर रहे हैं। पुलिस और किसानों के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। इस दौरान भारतीय किसान परिषद के अध्यक्ष सुखवीर खलीफा को चोट लगी है।

इसके पहले अपनी कई मांगों को लेकर 105 गांवों के नाराज किसान गुरुवार को सुबह बड़ी संख्या में नोएडा प्राधिकरण के दफ्तर पहुंचे। इसके बाद गेट के सामने ही धरने पर बैठ गए। किसानों का कहना है कि हम अपना हक लेकर जाएंगे। वहीं, किसानों की तालाबंदी की इस दौरान एक महिला की तबीयत भी बिगड़ गई।

### जो मालिक है, वो सड़कों पर है

भारतीय किसान परिषद के अध्यक्ष सुखवीर खलीफा ने कहा कि जो मालिक है, वो सड़कों पर है। पुलिस भी किसानों के बच्चे हैं। हम लाठी-डंडा खा लेंगे, लेकिन तालाबंदी करेंगे। वहीं, किसानों ने कहा कि हमारी लड़ाई अधिकारियों से नहीं कुर्सी से है। अधिकारी तो आते-जाते हैं, लेकिन अपना हम लेकर रहेंगे। हमारा जायज हक है। सांसद से कहे 1 साल हो गए, अभी तक कुछ नहीं हुआ। अधिकारियों को शर्म आनी चाहिए कि इतने समय से यहां बैठे हैं, लेकिन अभी तक कुछ नहीं हुआ।

### 2 जनवरी को किया था प्राधिकरण की तालाबंदी का ऐलान

इससे पहले 2 जनवरी को किसानों ने प्राधिकरण की तालाबंदी करने का ऐलान किया था। लेकिन उस समय पुलिस प्रशासन के आश्वासन के बाद तालाबंदी रोक दी गई थी। जिसमें तय



किया गया था कि प्राधिकरण के चेयरमैन से वार्ता करवाकर मांगों का निपटारा किया जाएगा। बैठक तो हुई लेकिन वह सफल नहीं हुई थी।

जिसके बाद एनटीपीसी से प्रभावित 24 गांव और नोएडा प्राधिकरण से प्रभावित 81 गांव के किसानों ने मिलकर प्राधिकरण की तालाबंदी कर दी।

### किसानों की इन मांगों पर मिला था आश्वासन

सभी किसानों को 10 प्रतिशत विकसित भूमि का अधिकार प्राधिकरण द्वारा दिया जाए।

किसानों की आबादी का पूर्ण निपटारा कर रेवेन्यू रिकॉर्ड से प्राधिकरण का नाम हटाकर काश्तकार का नाम चढ़ाया जाए।

आबादी विनियमावली 2011 के अनुसार 450 वर्गमीटर की सीमा को 1000 वर्गमीटर किया जाए।

ग्राम में पेरीफेरी के अंदर अधिग्रहीत आबादी में रहने वाली पुश्तैनी किसानों के विनिमय हेतु कब्जा दस्तावेज के आधार पर किया जाए।

5 प्रतिशत विकसित भूखंड पर पूर्व में संचालित कॉमर्शियल गतिविधि करने की नीतिगत अनुमति दी जाए।

नोएडा प्राधिकरण के 81 गांव में विकास भू-लेख विभाग में न रोककर सुचारु रूप से किया जाए।

गांव में निर्माणाधीन मकानों पर भवन नियमावली लागू नहीं की जाए।

### डीएम से वार्ता के बाद तालाबंदी का किया था ऐलान

भारतीय किसान परिषद के देखरेख में किसानों का धरना आज 38वें दिन की जारी है। इनके दो प्रदर्शन चल रहे है पहला नोएडा प्राधिकरण के बाहर और दूसरा एनटीपीसी के बाहर। परिषद के अध्यक्ष सुखवीर खलीफा ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम डीएम को ज्ञापन सौंपा था। लेकिन कोई भी आश्वासन नहीं मिला था। सुखबीर खलीफा ने कहा कि कुछ भी हो जाए हम अपना हक लेकर जाएंगे। इसके लिए हमे दिल्ली कूच करना पड़े हम जाएंगे। विधायक से लेकर सांसद तक का घिराव करेंगे। इसकी शुरुआत नोएडा प्राधिकरण की तालाबंदी से की गई है।

# डीजीएम की कमेटी देगी अप्रूवल तब होगा स्ट्रक्चर ऑडिट

## 8 सोसाइटी की एओए ने कमजोर इमारत का हवाला देकर प्राधिकरण में किया आवेदन

नोएडा। प्राधिकरण की स्ट्रक्चर ऑडिट पॉलिसी बन चुकी है। इसे अप्रैल से लागू भी कर दिया गया है। लेकिन एक भी सोसाइटी का स्ट्रक्चर ऑडिट अब तक नहीं हो सका है। अब इसके नियम में कुछ बदलाव किया गया है। सोसाइटी की ओर से आवेदन करने के बाद पहले डीजीएम स्तर पर बनी एक कमेटी नियोजन विभाग के साथ सोसाइटी का निरीक्षण करेगी। इस कमेटी में डीजीएम सिविल, डीजीएम जल और डीजीएम जन स्वास्थ्य को शामिल किया गया है।

प्राधिकरण की इस समिति को लगता है कि सोसाइटी में स्ट्रक्चर ऑडिट की आवश्यकता है तो ही वो एओए या




बिल्डर को आगे की प्रक्रिया के लिए अप्रूवल देंगे। एक बार अप्रूवल मिलने के बाद आवेदन कर्ता प्राधिकरण के चुने हुए पैनल में किसी एक से स्ट्रक्चर ऑडिट करवा सकता है। अब तक नोएडा प्राधिकरण में आठ सोसाइटी ने स्ट्रक्चर ऑडिट के लिए आवेदन किए है। इसमें से अब एक भी सोसाइटी का निरीक्षण नहीं किया जा सका है। बताया गया कि जल्द ही टीम आठों सोसाइटी में जाकर उसका फिजिकल दौरा कर सकती है।

नोएडा में करीब 100 सोसाइटी है। जिनमें 400 हाइराइज इमारत है। सवाल ये है कि इन इमारतों की मजबूती कितनी है। इनमें से अधिकांश इमारतों को बने हुए पांच साल से ज्यादा हो गए। प्राधिकरण का दावा है यहां बनी इमारत रैक्टर स्केल 7 और 8 तक का झटका झेल सकती है। हालांकि इनके लिए प्राधिकरण ने ऑप्शन दिए है। जिन इमारतों की लाइफ पांच साल हो चुकी है। आरडब्ल्यूए या एओए भी इन एजेंसियों से स्ट्रक्चर ऑडिट करवा सकती है। इसका खर्चा उन्हें खुद देना होगा।

बता दे नोएडा सिस्मिक जोन-4 में आता है। यानी ये एरिया भूकंप के लिहाज से बेहद संवेदनशील माना जाता है। इसको लेकर नोएडा में बनाए जा रहे प्रोजेक्ट , सड़क और इमारत सिस्मिक जोन-5 के हिसाब से बनाई जा रही है। हालांकि नोएडा के बायर्स की ओर हमेशा स्ट्रक्चर को लेकर शिकायत की जाती रही है। इसके लिए प्राधिकरण ने एक कमेटी का गठन किया है। जो स्ट्रक्चर ऑडिट के दौरान ये तय करेगी कि इमारत में माइनर इफेक्ट है या मेजर इसकी के बाद ऑडिट होगा और मरम्मत होगी।

# ग्रेटर-नोएडा में छात्रों के दो गुट आपस मे भिड़े

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा के थाना बीटा 2 क्षेत्र के अल्फा 2 सेक्टर में रात छात्रों के दो गुटों के बीच पहले मोमोज लेने की होड़ में जमकर मारपीट हो गई। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। अल्फा 2 में लगने वाले एक मोमोज की दुकान पर बीती रात छात्रों के दो गुट मोमोस खाने के लिए पहुंचे। दोनों गुटों के द्वारा मोमोस के दुकानदार से मोमोस का आर्डर दिया गया।

वहीं जब मोमोस का एक ऑर्डर तैयार हो गया तो बाद में ऑर्डर देने वाला छात्रों का गुट मोमोस लेने पहले पहुंच गया। जिस बात से पहले आर्डर देने वाले छात्र नाराज हो गए। दोनों गुटों के बीच पहले बहस शुरू हुई देखते ही देखते नौबत मारपीट पर आ गई और दोनों गुटों के दर्जनों छात्र आपस में भिड़ गए। दोनों गुटों के बीच जमकर मारपीट हुई। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि सभी छात्र ग्रेटर नोएडा की एक यूनिवर्सिटी में पढ़ते हैं। बताया जा रहा है कि अल्फा 2 के बाजार में आधे घंटे तक यह ड्रामा चलता रहा, दोनों छात्रों के गुटों में पहले जमकर गाली गलौज हुई ,मारपीट हुई और उसके बाद मौके पर भारी भीड़ भी जमा हो गई।

# रबूपुरा से बोटैनिकल गार्डन तक चलेंगी छह बसें

गौतम बुद्ध नगर। गौतम बुद्ध नगर के नागरिकों को नव वर्ष में एक और तोहफा मिला है। यमुना प्राधिकरण और परिवहन विभाग के सहयोग से कस्बा रबूपुरा से बॉटेनिकल गार्डन तक छह बसें चलेंगी, जिनमें से तीन बस रबुपुरा से और 3 बस यमुना प्राधिकरण के सेक्टर 22 ष्ठ से चलेंगी। विधायक धीरेन्द्र सिंह ने बताया विगत काफी लंबे अरसे से क्षेत्रवासियों और शिक्षण संस्थानों में पढ़ने वाले छात्रों और जिला न्यायालय और अन्य कार्यालयों पर जाने वाले लोग इस सेवा का इंतज़ार कर रहे थे।

गुरुवार की भोर में बस सेवा का शुभारंभ गलगोटिया यूनिवर्सिटी पर सैकड़ों छात्रों के साथ किया गया। इस अवसर पर जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने कहा कि यह बस सेवा गौतमबुद्ध नगर और जेवर क्षेत्र के लोगों के लिए एक वरदान है। इससे उनका समय और पैसा दोनों बचेगा। वे आसानी से नोएडा और दिल्ली तक पहुंच सकेंगे। उन्होंने कहा कि यह उनका सपना था कि जेवर का विकास हो और वहां के लोगों को सुविधाएं मिलें। उन्होंने यमुना प्राधिकरण और परिवहन विभाग उत्तर प्रदेश के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। कहा कि वे इस तरह की और भी योजनाओं को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

इस बस सेवा का लाभ लेने वाले छात्रों ने भी जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह, यमुना प्राधिकरण और परिवहन विभाग का धन्यवाद किया। कहा कि इससे उनकी पढ़ाई में सुधार आएगा और वे अपने लक्ष्यों की ओर बढ़ सकेंगे।

# डीएम की अध्यक्षता में हुआ बाउंस ऑफ जॉय कार्यक्रम

## इसका उद्देश्य बच्चों में फुटबॉल को बढ़ावा देना, पीईटी के 100 शिक्षकों को सौंपे प्रमाण पत्र

**नोएडा।** स्कूलों में खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश के शिक्षा विभाग एवं स्टेयर्स इंडिया फाउंडेशन के तत्वावधान में पंचशील बालक इंटर कॉलेज सेक्टर 91 के सभागार में बाउंस ऑफ जॉय व 100 पीईटी शिक्षकों का एक ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। आईटीसी ने उत्तर प्रदेश के शिक्षा विभाग और स्टेयर्स फाउंडेशन के साथ मिलकर एक नई सीएसआर पहल बाउंस ऑफ जॉय लॉन्च की है। इसका उद्देश्य फुटबाल के खेल से जुड़ी नई प्रतिभाओं को बढ़ावा देना है। जिलाधिकारी मनीष वर्मा ने सरकारी निकायों और स्टेयर्स फाउंडेशन और जिला विद्यालय निरीक्षक धर्मवीर सिंह और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी



राहुल पंवार की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बाउंस ऑफ जॉय कार्यक्रम के उद्घाटन का चरण एक बेहद सफल ऑनलाइन प्रशिक्षण सत्र के साथ शुरू हुआ, जिसमें शारीरिक शिक्षा के प्रति समर्पित 100 से अधिक शिक्षकों ने भाग लिया। विभिन्न स्कूलों से विशेष रूप से जुड़े इन शिक्षकों ने बच्चों की अनूठी जरूरतों को समझने के लिए गहन प्रशिक्षण लिया। इसके जरिए उन्हें न केवल फुटबॉल में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए बल्कि एक परिपूर्ण व्यक्ति के रूप में तैयार होने में भी सक्षम बनाया गया। कार्यक्रम के दौरान शारीरिक शिक्षा (फिजिकल एजुकेशन) के शिक्षकों को उनके असाधारण योगदान और प्रतिबद्धता को स्वीकार करते हुए जिला अधिकारी द्वारा मान्यता प्रमाण पत्र सौंपे गए।

इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा बाउंस ऑफ जॉय कार्यक्रम का समर्थन करते हुए कहा कि बाउंस ऑफ जॉय कार्यक्रम खेल के जरिए हमारे युवाओं की क्षमता को उजागर करने के लिहाज से एक सराहनीय पहल है। आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश राज्य सरकार के साथ हालिया साझेदारी पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए, आईटीसी लिमिटेड के मुख्य परिचालन अधिकारी (बिस्कुट और केक क्लस्टर) अली हैरिस शेरे ने जमीनी स्तर की प्रतिभाओं के पोषण के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने राज्य के युवाओं के प्रति अपनी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए कहा, उत्तर प्रदेश की राज्य सरकार के साथ मिलकर हम महत्वाकांक्षी युवा फुटबॉलरों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डालने और फिटनेस और खेल कौशल की संस्कृति को बढ़ावा देने की इच्छा रखते हैं।

# नोएडा में एक्सप्रेस वे पर ओवर स्पीडिंग के 478 चालान

## अधिकतर वाहनों की स्पीड 100 किमी प्रतिघंटा से ज्यादा थी

नोएडा। नोएडा में सुबह शाम कोहरा पड़ रहा है। इससे एक्सप्रेस वे पर विजिबिलिटी काफी कम है। सुबह के समय यह विजिबिलिटी शून्य तक पहुंच जाती है। इसके बाद वाहन चालक ओवर स्पीड कर रहे है। अकेले 17 जनवरी को नोएडा ग्रेटरनोएडा एक्सप्रेस वे पर ओवर स्पीडिंग के 478 वाहनों के चालान किए गए। इसमें से अधिकांश की स्पीड 100 किमी प्रतिघंटा से ज्यादा थी। जबकि यहां फाग के कारण स्पीड लिमिट 75 किमी प्रतिघंटा और भारी वाहनों के लिए 50 किमी प्रतिघंटा की गई है।

नोएडा में 4 जनवरी से 18 जनवरी तक विशेष सड़क सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान लोगों को यातायात के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

हालांकि लोग मान नहीं रहे है। यही वजह है कि एक दिन में 6623 ई चालान किए गए। इसमें सेक्टर 15 गोलचक्कर, माडल टाउन, किसान चौक, सेक्टर 51, 52 मेट्रो स्टेशन, रजनी गंधा चौक, सेक्टर 37, सूरजपुर, परीचौक, दादरी आदि स्थानों पर कुल



22 वाहनों को सीज किया गया।

इनमें से अधिकांश चालान विपरीत दिशा, फिटनेस समाप्त, दोषपूर्ण नंबर प्लेट एवं अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों से संबंधित है। कार्यवाही की गयी। पुलिस ने बताया कि अभियान के तहत 393 वाहनों के चालान विपरीत दिशा से आने वालों के किए गए। इसके अलावा 22 चालान फिटनेस समाप्त, 98 चालान दोषपूर्ण नंबर प्लेट व अन्य उल्लंघन मामलों में 6110 चालान किए गए।

### स्क्रैप माफिया रवि काना के खिलाफ जारी हो सकता है रेड कॉर्नर नोटिस, पुलिस ने भेजी रिपोर्ट

**ग्रेटर नोएडा।** सरिया स्क्रैप माफिया रवि काना के खिलाफ पुलिस ने रेड कार्नर नोटिस जारी करने के लिए रिपोर्ट भी आलाधिकारियों को भेज दी है। संबंधित विभाग और इंटरपोल की मदद से जल्द रेड कार्नर नोटिस जारी कर दिया जाएगा। इससे पहले आरोपी के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म और गैंगस्टर केस में न्यायालय से गैर जमानती वारंट हो चुके हैं। वहीं, रिमांड पर लिए गए आरोपियों से सात घंटे की पूछताछ में पुलिस को गोवा के रिजॉर्ट और कुछ अन्य संपत्तियों की जानकारी मिली है। पुलिस इनकी पड़ताल कर रही है। नोएडा के सेक्टर-39 में सामूहिक दुष्कर्म और बीटा-2 थाने में गैंगस्टर का केस दर्ज होने के बावजूद पुलिस अब तक रवि काना को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। रवि काना गिरोह के खिलाफ कुल 11 केस की जानकारी पुलिस को मिली थी। इसके बाद से पुलिस ने गिरोह की संपत्ति कब्जे में लेने की कार्रवाई शुरू की। पुलिस लगातार फरार नौ आरोपियों का सुराग लगाने व गिरोह की संपत्ति का पता लगाने के प्रयास में जुटी है। बुधवार को रवि काना के चचेरे भाई राजकुमार और आजाद को रिमांड पर पूछताछ की गई।

# जेवर में अपॉइंटमेंट देने के नाम पर 30 हजार हड़पे

**जेवर।** गौतमबुधनगर में दनकौर कोतवाली क्षेत्र के कनारसी गांव निवासी एक व्यक्ति के साथ इलाज के लिए अपॉइंटमेंट देने के नाम पर एक अज्ञात आरोपी ने फर्जीवाड़ा कर दिया। पीड़ित के खाते से आरोपी ने करीब 30 हजार रुपये की रकम उड़ा दी। अपने साथ हुई घटना की जानकारी होने पर पीड़ित ने इस संबंध में गुरुवार को कोतवाली की साइबर सेल में पहुंचकर आरोपी के खिलाफ शिकायत की है।

पीड़ित करण नागर ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि उनकी पत्नी बीमार है। जिसको लेकर उन्होंने बुधवार रात एक बड़े अस्पताल का नंबर नेट के जरिए लिया। इसके बाद उन्होंने उस नंबर पर कॉल किया तो कुछ देर बाद वापस उनके पास एक अज्ञात व्यक्ति की कॉल आई। जिसे खुद को अस्पताल का कर्मचारी बताते हुए इलाज के लिए अपॉइंटमेंट देने के नाम पर उनके व्हाट्सएप पर एक लिंक भेजा। जिसमें सारी प्रक्रिया भरने के लिए भी पीड़ित से कहा गया।

इसके झांसे में आकर पीड़ित ने लिंक को ओपन करके उसमें मरीज की डिटेल भर दी।

# दनकौर पुलिस ने पति व सास को किया गिरफ्तार

## गर्भवती महिला को आत्महत्या के लिए उकसाने का था आरोप, तीन आरोपी फरार

जेवर। दनकौर में करीब 6 दिन पहले एक गर्भवती महिला को दहेज की खातिर आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में पुलिस ने नामजद पति और सास को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि इस मामले में अन्य और आरोपी अभी भी फरार हैं। जिनको भी गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस ने इस मामले में गुरुवार को कोर्ट में पेश करने के बाद दोनों को जेल भेज दिया है।

अलीगढ़ निवासी सतीश ने पुलिस को दी शिकायत में कहा था कि उन्होंने करीब 1 वर्ष पहले अपनी बेटी पूजा की शादी दनकौर कस्बा निवासी विकास



के साथ की थी। उनका आरोप है कि दहेज में 50 हजार रुपये और एक बुलेट नहीं देने पर ससुरालीजन उनकी बेटी को आए दिन दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। जिनसे परेशान होकर 13 जनवरी की रात उनकी बेटी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी।

जानकारी होने पर पीड़ित परिवार दनकौर पहुंच गया था। जिन्होंने इस संबंध में आरोपी पति विकास और सास बलवीरी समेत पांच के खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज कराया था। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करते हुए गुरुवार को आरोपी पति विकास और सास बलवीरी को गिरफ्तार कर लिया है।

पीड़ित मायके वालों का कहना है कि उनकी बेटी को पिछले एक वर्ष से ही दहेज के लिए काफी परेशान किया जाता था। आए दिन सास ससुर पति ननदोई और देवर उसके साथ मारपीट करते रहते थे। जिसको लेकर कई बार परिवार के लोगों ने अपनी बेटी के ससुराल में पहुंचकर आरोपियों को समझाया भी था।

उसके बावजूद भी आरोपी अपनी हरकतों से बाज नहीं आए। जिससे परेशानी होकर उन्होंने बेटी ने यह कदम उठाया है। इस बारे में कोतवाली प्रभारी संजय सिंह का कहना है कि इस मामले में अभी तीन और आरोपी फरार चल रहे हैं। उनको भी गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# शार्ट न्यूज

### गाजियाबाद में करंट लगने से युवक की मौत

गाजियाबाद। गाजियाबाद के वेव सिटी इलाके में हाईवोल्टेज लाइन की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई। ये युवक घर की छत पर खड़े होकर मोबाइल पर बातचीत कर रहा था। घटना के विरोध में स्थानीय लोगों ने हंगामा किया और पॉवर कॉरपोरेशन के अधिकारियों-कर्मचारियों पर मुकदमा दर्ज करने की मांग की। इस मामले में पीड़ित परिवार ने कॉरपोरेशन के खिलाफ थाना वेव सिटी में तहरीर दी है। शंकर विहार, लालकुआं के पास रहने वाले अभिषेक सिंह ने बताया, रात करीब 9 बजे मेरा भाई करण सिंह उर्फ बाबू घर की छत पर मोबाइल पर बातचीत कर रहा था। इसी दौरान वो छत से सटकर गुजर रही 11 हजार वोल्टेज लाइन की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गया। तुरंत उसको नजदीकि अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई अभिषेक सिंह ने इस मामले में पॉवर कॉरपोरेशन के एक्सईएन गुलशन गोयल, एसडीओ अरशद अली और जेई दिनेश कुमार को नामजद करते हुए थाना वेव सिटी में तहरीर दी है। आरोप लगाया है कि हाईटेंशन लाइन जर्जर पड़ी है। तार झूल रहे हैं। चार माह पहले भी मौत हुई थी। तब अधिकारियों ने एक महीने में लाइन बदलवाने का आश्वासन दिया था। अब लाइन नहीं बदलने की वजह से करंट लगकर चार महीने में दूसरी मौत हो गई। पीड़ित परिवार ने कॉरपोरेशन अधिकारियों पर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

### घर में घुसकर महिला से रेप की कोशिश

मोदीनगर। मोदीनगर में थाना क्षेत्र के एक गांव में देर रात पड़ोसी युवक ने घर में घुसकर महिला को बंधक बनाकर दुष्कर्म करने का प्रयास किया। विरोध करने पर महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। नगर की एक गांव निवासी महिला परिवार सहित रहती है। महिला ने बताया कि देर रात पड़ोसी दीवार फांदकर घर के अंदर आ गया। आरोपी युवक बाथरूम में आकर छिप गया। आरोप है कि देर रात जब महिला अपने कमरे से बाहर निकली तो युवक ने बाथरूम से निकलकर उसे दबोच लिया। युवक ने महिला से दुष्कर्म करने का प्रयास किया। विरोध करने पर महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। इसी बीच महिला ने शोर मचा दिया। शोर सुन आसपास के लोगों को आता देखकर आरोपी मौके से फरार हो गया। महिला ने अपने पति के साथ मुरादनगर थाने में तहरीर दी है। एसीपी ने बताया कि तहरीर के आधार पर पड़ोसी युवक रोहित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार किया है। मुरादनगर में हिसाली मार्ग स्थित सूर्य विहार कॉलोनी में तेज आवाज में गाना बजाने का विरोध करने पर दबंग दंपति को जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।


### तहसील परिसर में महिलाओं ने किया हंगामा

मोदीनगर। मोदीनगर में गांव विद्यापुर में राशन बांटने की मांग को लेकर गुरूवार को सैकड़ों महिलाओं ने तहसील पहुंचकर प्रदर्शन कर जमकर हंगामा किया। महिलाओं का आरोप है कि उपजिलाधिकारी द्वारा दी गई डेटलाइन पर राशन बांटना शुरू नहीं हुआ। गांव विद्यापुर की सैकड़ों महिलाएं एकत्र होकर मोदीनगर तहसील पहुंचीं और हंगामा करना शुरू कर दिया। महिलाओं ने बताया कि गांव विद्यापुर व बरखवा की एक ग्राम पंचायत है। राशन डीलर की दुकान गांव बखरवा में स्थित है। गांव विद्यापुर से बखरवा तीन किलोमीटर दूर है। राशन लेने के लिए तीन किलोमिटर दूर जाना पड़ता है। जिस कारण काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार तो देर से पहुंचने पर राशन नहीं मिल पाता है। महिलाओं ने बताया कि गत 11 जनवरी को उपजिलाधिकारी संतोष राय ने गांव विद्यापुर में ही राशन बांटने का आश्वासन दिया था। लेकिन ऐसा नहीं हुआ है। राशन लेने के लिए गांव विद्यापुर के लोगों को गांव बरखवा तीन किलोमीटर दूर जाना पड़ रहा है। महिलाओं का कहना है कि जल्द ही हमारी समस्याओं का समाधान होना चाहिए ,नहीं तो बड़ा आंदोलन शुरू किया जाएगा। उपजिलाधिकारी संतोष राय ने जल्द महिलाओं को उनकी समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। उपजिलाधिकारी ने खाद्य निरीक्षक को बुलाकर महिलाओं की समस्या सुनने को कहा।

### मजदूरों ने साथी को पीट-पीटकर मार डाला

गाजियाबाद। गाजियाबाद के थाना ट्रोनिका सिटी में मजदूरों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। इसमें एक मजदूर की मौत हो गई जबकि आधा दर्जन घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, विवाद बंगाल और सहारनपुर के मजदूरों के बीच हुआ। यह सभी मजदूर दिल्ली सहारनपुर एक्सप्रेसवे के निर्माण में लगे हुए हैं। मजदूरों के काम से वापस आते समय ट्रैक्टर पर बैठने को लेकर विवाद हुआ था। एसीपी लोन सूर्यबली मौर्य ने बताया कि गाजियाबाद के थाना ट्रोनिका सिटी पुलिस को जानकारी मिली कि थाना क्षेत्र के पंचलोक गांव में मजदूरों के बीच विवाद हो गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि 6 मजदूरों को गंभीर चोट लगी है। इन सभी को अस्पताल भिजवाया गया जहां एक मजदूर नदीम की मौत हो गई। एसीपी लोन सूर्यबली मौर्य के मुताबिक, यह सभी मजदूर दिल्ली सहारनपुर एक्सप्रेसवे के निर्माण में लगे हैं। बुधवार शाम काम खत्म होने के बाद ट्रैक्टर में बैठने को लेकर बंगाल और सहारनपुर के मजदूरों के बीच विवाद हो गया। जिसमें सहारनपुर के मजदूरों ने बंगाल के मजदूरों को पीट दिया। यह सभी मजदूर थाना क्षेत्र के पंचलोक गांव में रहते हैं।

### बाइक सवार ने दादा-पोती को मारी टक्कर




दादरी। जीटी रोड से रुपवास बाईपास की तरफ जाने वाले मार्ग के तिराहे पर बुधवार को बाइक सवार ने दादा और पोती को टक्कर मार दी ।हादसे में दोनों घायल हो गए। इलाज के दौरान प्रेम कुंज कॉलोनी निवासी गामा यादव (54) की मौत हो गई, जबकि अंजलि (10) का उपचार चल रहा है। पुलिस ने डेरी स्केनर गांव निवासी आरोपी बाइक सवार सुलेमान को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि बुधवार को गामा अंजलि के साथ बादलपुर से आ रहे थे। दोनों रुपवास गांव की तरफ जाने वाले बाइपास तिराहे के पास खड़े थे, तभी बाइक सवार सुलेमान ने दोनों को टक्कर मार दी। सड़क पर गिरने से दोनों घायल हो गए। गामा के सिर में गंभीर चोट आई। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां गामा की मौत हो गई।

### गाजियाबाद में हुक्का बार पकड़ा

गाजियाबाद। गाजियाबाद की इंदिरापुरम थाना पुलिस ने गुरुवार को सिग्नेचर कैफे के अंदर हुक्का बार पकड़ा है। यहां से संचालक सहित पांच आरोपी पकड़े गए हैं। भारी संख्या में हुक्के, कई फ्लेवर आदि सामान बरामद किया गया है। इंदिरापुरम थाना पुलिस ने बताया, काफी समय से सिग्नेचर कैफे की तीसरी मंजिल पर हुक्का बार संचालित होने की सूचनाएं मिल रही थीं। पुख्ता इनपुट के आधार पर गुरुवार शाम छापामार कार्रवाई की गई। यहां से दाउद चौधरी निवासी डासना, राहुल गहलोत निवासी प्रह्लादगढ़ी, शाहिद निवासी वेव सिटी, आमोश निवासी वसुंधरा सेक्टर-2 और समीर निवासी महाराजपुर की गिरफ्तारी हुई है। सभी आरोपियों की उम्र 20 से 25 साल है। पुलिस ने बार से दो हुक्के, दो पाइप, दो प्लेट, दो हुक्का चिलम आदि सामान बरामद किया है। कुछ कस्टमर भी यहां हुक्का पीते मिले, जिन्हें चेतावनी देकर छोड़ दिया गया।

### प्रॉपर्टी विवाद में जान से मारने की धमकी

नोएडा। प्रॉपर्टी विवाद में एक युवक एक्सप्रेसवे थाने में शिकायत करने गया, तभी थाने के बाहर ही विरोधी पक्ष की महिला और उसके पति ने युवक के साथ बदसलूकी कर दी। इससे पीड़ित युवक सहम गया। बाद में उसने पुलिस से शिकायत की। थाना एक्सप्रेसवे पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है और मामले की जांच कर रही है ।मोती नगर दिल्ली निवासी मनोज अग्रवाल का सेक्टर-135 के एक फ्लैट को लेकर हरिकांत शुक्ला और उसकी पत्नी निशा से विवाद चल रहा है। इस मामले में हरिकांत और निशा ने मनोज अग्रवाल के खिलाफ एक्सप्रेसवे थाने में शिकायत दी थी। इस मामले में पुलिस के बुलाने पर मनोज अग्रवाल अपने दो साथियों अंकुर जैन और अनिल मित्तल के साथ एक्सप्रेसवे थाने आए थे। आरोप है कि एक्सप्रेसवे थाने के बाहर ही निशा मिल गई और वह मनोज के साथ बदसलूकी करने लगी।

# यूपी के 21 जिलों में घने कोहरे का अलर्ट

## 9 शहरों में सीवियर कोल्ड-डे की चेतावनी; मुजफ्फरनगर सबसे सर्द शहर रहा; 14 फरवरी तक पड़ेगी ठंड



कानपुर। यूपी में तापमान में बढ़ोतरी हो रही है, मगर गलन ने लोगों को हिलाकर रख दिया है। इस सीजन में पहली बार ऐसा हुआ कि 17 जिले सीवियर कोल्ड-डे की चपेट में रहे, जबकि 3 जिले कोल्ड-डे रहा। अभी इससे राहत भी मिलने वाली नहीं है। क्योंकि मौसम विभाग ने आज भी 9 जिलों में सीवियर कोल्ड-डे का अलर्ट जारी किया गया है। इसके साथ ही 21 जिलों में घने कोहरे का अलर्ट जारी किया है। सुबह से झांसी और लखीमपुर में घना कोहरा छाया हुआ है। दोनों ही जिलों में 50 मीटर विजिबिलिटी दर्ज की गई है।

वहीं, बरेली में 200 मीटर, गोरखपुर में 500 मीटर विजिबिलिटी है। बुधवार की बात करें तो मुजफ्फरनगर सबसे ठंडा शहर रहा। यहां न्यूनतम तापमान 3.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। ठंड के चलते वाराणसी में 12 तक के स्कूल 19 जनवरी तक बंद कर दिए गए हैं।

### अयोध्या का हर 3 घंटे में जारी होगा मौसम अपडेट

22 जनवरी को रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के वक्त अयोध्या का पारा 19 से 22 डिग्री के बीच रह सकता है। मौसम विभाग ने ऐसा पूर्वानुमान जारी किया है। सुबह साढ़े 11 बजे तापमान 19 डिग्री और दोपहर ढाई बजे यह 22 डिग्री तक संभव है। अयोध्या, लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी और नई दिल्ली का मौसम पूर्वानुमान हर 3 घंटे में जारी होगा। इसमें अयोध्या से सटी 6 तहसीलों को शामिल किया गया है।

### अयोध्या में 6 डिग्री तक पहुंच गया

अयोध्या में कड़ाके की ठंड जारी है। सुबह का न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गलन भरी ठंड से लोग परेशान दिखाई दे रहे हैं। आचार्य नरेंद्र कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दो दिनों तक ऐसी ही स्थिति बनी रहेगी।

### फिर पड़ेगी कड़ाके की ठंड

मौसम विभाग का कहना है कि कमजोर पश्चिमी विक्षोभ का असर आज और रहेगा। कल से इसका प्रभाव खत्म होते ही उत्तर पश्चिमी ठंडी हवाएं फिर से आना शुरू हो जाएंगी। इसके बाद फिर से कड़ाके के ठंड की शुरुआत होगी और पारा 2 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है।

बादलों की आवाजाही से रात के तापमान में बढ़ोतरी हो रही है, मगर सर्द हवाओं के चलते धूप भी बेअसर साबित हो रही है और दिन के तापमान में कमी हो रही है। ये स्थिति अब पूरे जनवरी तक बनी रहेगी। 14 फरवरी यानी वेलेंटाइन-डे तक ऐसी ठंड इस बार बनी रह सकती है।

# छेड़छाड़ करने वाले दो आरोपियों को 5 साल की जेल

एजेंसी

झांसी। झांसी में छेड़छाड़ करने वाले दो आरोपियों संतू कुशवाहा और राजकुमार कुशवाहा को पॉक्सो कोर्ट ने 5-5 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है।

दोनों पर 15-15 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। नहीं देने पर उनको दो माह की अतिरिक्त जेल काटनी होगी।

यह फैसला गुरुवार को विशेष न्यायाधीश अंजना ने सुनाया है। आरोपी संतू कुशवाहा पुत्र पतीराम और राजकुमार पुत्र किशोरी कुशवाहा बुरुआसागर के मोहल्ला नई बस्ती के रहने वाले हैं।

विशेष लोक अभियोजक नरेंद्र कुमार खरे ने बताया कि पीड़िता की उम्र 17 साल थी। उसके पिता ने बरुआसागर थाने में 2017 में केस दर्ज कराया था। पुलिस को तहरीर दी थी कि बेटी घर में सो रही थी। पड़ोस के संतू कुशवाहा और राजकुमार दीवार फांदकर घर के अंदर घुस आए। बेटी को डरा धमकाकर जबरदस्ती पास में ही खाली पड़ी झोपड़ी में ले गए और छेड़छाड़ करने लगे।

इस दौरान परिवार के लोग जाग गए। लड़की को घर न पाकर तलाश शुरू की। तभी उसके चिल्लाने की आवाज सुनाई दी। तब परिजन झोपड़ी के पास पहुंचे। परिजनों को आते देख दोनों आरोपी पीड़िता के सिर में पत्थर मारकर भाग गए थे।

परिजनों ने घायल लड़की को मेडिकल कॉलेज में एडमिट कराया था। पुलिस ने केस दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया था। बाद में दोनों के खिलाफ 13 जुलाई 2017 को कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किए गए। सुनवाई के बाद आज दोनों को सजा सुनाई गई।

## शार्ट न्यूज

### पुलिस ने श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा व गणतंत्र दिवस को लेकर चलाया चैकिंग अभियान



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देश में अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा व गणतंत्र दिवस के दृष्टिगत जनपद में 3 लेयर सुरक्षा व्यवस्था को संचालित किया गया है जिसमें जनपद के जितने भी म0प्र0 सीमावर्ती थाने है उनके बॉर्डर पर बैरियर लगाकर सघन चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है जो भी व्यक्ति म0प्र0 सीमावर्ती बॉर्डर से आ रहा है या जा रहा है उसकी व उसके वाहनो की चैकिंग की जा रही है। इस व्यवस्था के अन्तर्गत संदिग्धो को पहले बॉर्डर पर चेक किया जायेगा उसके पश्चात बॉर्डर के अन्दर और उसके वाद सम्बन्धित थाना क्षेत्र में चैकिंग की जायेगी। जनपदीय पुलिस द्वारा थ्री लेयर सुरक्षा व्यवस्था के अन्तर्गत अपने-अपने म0प्र0 सीमावर्ती थाना बॉर्डर पर सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत सघन चैकिंग अभियान चलाया गया और संदिग्ध व्यक्तियो और उनके वाहनो की चैकिंग की गयी।

### एसपी ने पैदल मार्च कर दिया सुरक्षा का भरोसा



ललितपुर। तालबेहट, पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा व गणतंत्र दिवस के दृष्टिगत जनपद में संचालित 3 लेयर सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया गया व जनपद के म0प्र0 सीमावर्ती थानो के इंट्री तथा एक्जिट प्वाइंटो को चेक कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। तत्पश्चात थाना तालबेहट क्षेत्रान्तर्गत कस्बा तालबेहट में मय फोर्स के साथ पैदल गस्त किया गया। पैदल गस्त के दौरान व्यापारियों/आमजन मानस से संवाद किया गया एवं समस्याओं के बारे में जानकारी की गयी तथा दुकानों पर स्वेच्छा से सीसीटीवी कैमरे लगवाने हेतु प्रेरित किया गया कैमरे लगने से दिन व रात में होने वाले अपराध पर नजर रखी जा सकती है। जिससे अपराधियों के मन में भय का माहौल बना रहता है। किसी भी प्रकार की घटना के बारे में जानकारी प्राप्त होने पर डायल 112 व संबंधित थाने को सूचित करें जिससे अपराधियों के विरूद्ध समय से कार्यवाही की जा सकें।

### ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर लगाए गए रिफ्लेक्टिव टेप



ललितपुर। सड़क सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग द्वारा जिले में इस समय अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत एआरटीओ ने जहां बिना हेलमेट लगाकर बाइक चलाने वाले लोगों का चालान किया वहीं, ट्रैक्टर-ट्रालियों में रिफ्लेक्टर लगाए गए। सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा मनाये जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 15. जनवरी से 14. फ़रवरी तक के कम में सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत देवदत्त कुमार सम्भागीय निरीक्षक (प्रा0वि0) द्वारा स्थानीय नवीन गल्ला मण्डी व विभिन्न चौराहों पर व्यवसायिक वाहनों / टैक्टर ट्रालियों के पीछे रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप चस्पा किया गया उसके साथ ही वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। अपरान्ह में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, मो0 कय्यूम द्वारा जनपद में प्रर्वतन कार्यवाही की गयी जिसके अन्तर्गत कुल 18 चालान किये गये जिनमें से 04 वाहनों को जनपद के विभिन्न थानों में निरूद्ध किया गया।

### बीएसएफ जवान करता था गांजा तस्करी, गिरफ्तार

हरिनारायण यादव विशाल इंडिया

गाजीपुर। जमानियां कोतवाली पुलिस ने बीएसएफ के जवान को सैतालिस किलो पांच सौ ग्राम गांजे के साथ किया गिरफ्तार। गिरफ्तार जवान ने कबूला इस कार्य में लंबे समय से है सलिप्त। बुधवार को जमानिया प्रभारी निरीक्षक श्याम जी यादव मय हमराहियों और एसओजी टीम के साथ चेकिंग के दौरान अभईपुर मोड़ के पास देर रात को चार पहिया वाहन में 47 किलो 500 ग्राम गांजे के साथ अंतराज्यीय तस्कर को किया गिरफ्तार तस्कर पाटिल विजय भास्कर पुत्र पाटिल थिप्पा रेड्डी निवासी कादा लुरु थाना डी हीरे लाल जनपद अनंतपुरम आंध्र प्रदेश ने पूछताछ में बताया कि वह बीएसएफ में 2003 में आरक्षी के पद पर नियुक्त हुआ था वर्तमान में 9 बटालियन अल्फा कंपनी हिसार हरियाणा में तैनात है इस समय अवकाश पर है पैसे की लालच में आंध्र प्रदेश और उड़ीसा से सस्ते दर पर गांजा खरीद कर गाड़ी से उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल बिहार प्रांत में ऊंचे दामों पर बेचता है जिसमें मुझे काफी आर्थिक लाभ प्राप्त होता है इस कार्य को तीन से चार बार कर चुका है इस बार में बिहार के तरफ से ले जा रहा था जिसमें पुलिस के हत्थे चढ़ गया।

### छात्र-छात्राओं ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

विशाल इंडिया/संवाददाता

सीतापुर। प्रिया डे पब्लिक इंटर कॉलेज भउवापुर के छात्र-छात्राओं ने बृहस्पतिवार को मतदाता जागरूकता रैली निकाली। रैली का शुभारंभ सुबह दस बजे विद्यालय परिसर से किया गया। प्रधानाचार्य सुनीत अग्निहोत्री ने रैली के दौरान गांव में मौजूद लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया और मतदाता बनने के लिए जानकारी दी। रैली विद्यालय से होती हुई मुख्य मार्ग से अंदर गांव में घूमकर विद्यालय पर आकर समाप्त हुई। रैली के दौरान छात्र-छात्राओं ने 'सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो', 'जन-जन की यही पुकार, वोट डालो अबकी बार', 'करें राष्ट्र का जो उत्थान, उसको करें हम मतदान' आदि नारे लगाए। इस दौरान छात्र-छात्राएं स्लोगन लिखी तख्ती लेकर चल रहे थे। छात्र-छात्राओं ने लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया। साथ ही उनसे मतदान करने और 18 वर्ष की आयु पूरी करने पर मतदाता बनने की जानकारी भी दी। रैली में प्रधानाध्यापिका अंजू त्रिवेदी, आशीष कुमार त्रिवेदी बाबूजी, वैभव दीक्षित, अमन सिंह, शशांक मिश्रा, अंकुश वर्मा, पुनीत त्रिवेदी, डीएस मिश्रा, सुमित बाजपेई, आदि शिक्षक व कर्मचारी गण मौजूद रहे।

### चोरी करने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार

अलीगढ़। अलीगढ़ के इगलास थाना क्षेत्र में एचडीएफसी बैंक में चोरी करने वाले 4 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने देर रात में बैंक का ताला तोड़कर गेट खोला था और अंदर जाकर कंप्यूटर व अन्य सामान चोरी कर लिया था। इसके बाद आरोपी फरार हो गए थे। घटना के बाद बैंक प्रबंधन की ओर से मुकदमा दर्ज कराया गया था और पुलिस टीम आरोपियों की तलाश कर रही थी। एसएसपी ने सीओ इगलास डॉ कृष्ण गोपाल की देखरेख में स्वॉट टीम और थाना टीम का गठन किया था, जो आरोपियों की तलाश कर रही थी। पुलिस ने घटना में शामिल आरोपियो को गिरफ्तार कर लिया है। इगलास थाना क्षेत्र के कस्बा इगलास में 15 जनवरी की रात को आरोपियों ने एचडीएफसीबैंक में चोरी की थी। आरोपियों ने गैस कटर की सहायता से गेट का ताला काट दिया था और अंदर प्रवेश किया था। इसके बाद आरोपियों ने बैंक में चोरी की थी और कंप्यूटर व अन्य सामान चोरी करके ले गए थे। घटना के बाद से पुलिस इगलास थाना, टप्पल थाना, स्वॉट और सर्विलास की टीम इसमें जुट गई थी।

# गोरखपुर में 20-जनवरी तक बंद रहेंगे 8वीं तक के स्कूल

**9वीं से 12वीं तक के स्कूल सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक खुलेंगे, मौसम संबंधी एहतियात बरतना होगा**

गोरखपुर। गोरखपुर में बढ़ती ठंड के चलते स्कूलों की छुट्टियां एक बार फिर बढ़ाई गई हैं। क्लास 1 से 8 तक के जिले के सभी राजकीय, सहायता प्राप्त, सेल्फ फाइनेंस और प्राइवेट स्कूलों को 19 और 20 जनवरी को बंद रखने का आदेश जारी किया गया है। जबकि क्लास 9 से 12वीं तक के स्कूल सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक संचालित होंगे। हालांकि, 22 जनवरी को प्राण-प्रतिष्ठा समारोह तक यह छुट्टी बढ़ने की संभावना है, लेकिन इसकी औपचारिक घोषणा होना अभी बाकी है। गोरखपुर में बीते हफ्ते से ही ठंड का प्रकोप काफी बढ़ गया है। इससे पहले भी 3 बार आदेश जारी कर छ्रूने स्कूल बंद रखने के निर्देश दिए थे। वहीं सभी स्कूलों को मौसम संबंधी एहतियात बरतने के निर्देश दिए गए हैं। डीएम ने सख्त लहजे में कहा कि आदेश का पालन कड़ाई के साथ होना चाहिए। जो स्कूल कोताही बरतेंगे वह कार्रवाई के लिए तैयार रहें। उन्होंने कहा कि ठंड की स्थिति के अनुसार आगे का निर्णय लिया जाएगा।

### कमरे का तापमान नियंत्रित रखना होगा

क्लास 9 से 12वीं तक के स्कूलों को सुबह में 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक खोलने के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए स्कूल में बच्चों को कमरे के अंदर ही बैठाया जाएगा। साथ ही कमरे का तापमान नियंत्रित रखने के लिए स्कूल प्रबंधन को हीटर और ब्लोअर लगाना होगा।

डीएम ने कहा कि किसी भी सूरत में बच्चों की सेहत के साथ खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बच्चों और टीचर दोनों की सुविधा के लिए ऑनलाइन क्लासेज का संचालन किया जा सकता है।

# मेरठ पुलिस ने किया सीडीए अधिकारी की मौत का खुलासा

## करीब 150 सीसीटीवी कैमरों की ली गई मदद, आटो चालकों ने लूट के इरादे से की थी हत्या



**मेरठ।** मेरठ कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र हाईवे स्थित गांव खड़ोली के निकट एक बाग में मिले सीडीए अधिकारी अंकित पवार का संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने से हड़कंप मच गया था। जिसके बाद कंकरखेड़ा पुलिस हत्या के खुलासे में लग गई थी।

पुलिस ने अधिकारी की हत्या के खुलासे के लिए करीब 150 से अधिक सीसीटीवी कैमरे खंगाले और सीसीटीवी कैमरों की मदद से हत्यारों तक पहुंच गई। पुलिस ने हत्या का सनसनीखेज खुलासा करते हुए दो आटो चालकों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार टेंपो चालकों ने लूट के इरादे से अधिकारी की हत्या की थी।

बृहस्पतिवार को सीओ दौराला अभिषेक पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि शामली स्थित गांव आलम के रहने वाले अंकित पवार पुत्र सुधीर सीडीए अधिकारी के पद पर उत्तराखंड स्थित देहरादून के लैंसडाउन में तैनात थे। सीओ ने बताया कि अंकित 10 दिन की ट्रेनिंग पर मेरठ के सीडीए कार्यालय में ट्रेनिंग पर आए थे। सीओ ने बताया कि शनिवार रात सीडीए अधिकारी खाना खाने के बाद हॉस्टल से घूमने के लिए निकले थे। और वह घूमते हुए बेगमपुर पर पहुंच गए। जहां उन्होंने बेगम पुल से शराब की बोतल खरीदी। बेगमपुल पर पहले से ही खड़े दो टेंपो चालक पहले से शराब पी रहे थे। सीओ ने बताया कि दो चालकों ने अंकित को टेंपो में बैठा लिया।

### आरोपियों ने अधिकारी को नशे की हालत में सड़क पर फेंका

पहले आरोपियों ने अधिकारी को शराब पिलाई अधिकारी को नशा होने पर आरोपी अंकित को टेंपो में बैठकर पहले जीरो माइल चौराहे पर ले गए। उसके बाद आरोपी अधिकारी को सैन्य क्षेत्र से हुए हुए अधिकारी को घुमाते हुए रोहटा रोड स्थित खड़ोली गांव के निकट एक बाग में ले गए। जहां आरोपियों ने सीडीए अधिकारी के साथ मारपीट कर लूट का प्रयास किया। इस दौरान आरोपियों ने अधिकारी को नशे की हालत में सड़क पर फेंक दिया था।

### लूटे गए एक हजार रुपए सहित मोबाइल भी बराबर कर लिया

पुलिस के अनुसार आरोपियों ने अधिकारी से एक हजार रुपए व मोबाइल भी लूट लिया था। पुलिस ने दोनों टेंपो चालकों को भैसाली बस अड्डे से गिरफ्तार कर हत्या का खुलासा कर दिया। सीओ दौराला ने बताया कि पुलिस ने दोनों आरोपियों को टेंपो सहित गिरफ्तार कर लिया और आरोपियों के पास से लूटे गए एक हजार रुपए सहित मोबाइल भी बराबर कर लिया है।

### आरोपियों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दायर

सीओ दौराला बताया कि पकड़े गए दोनों आरोपी रोहन निवासी मवाना और आशु गंगानगर का रहने वाला है। सीओ के अनुसार आरोपियों के खिलाफ मवाना सहित अन्य स्थानों में लूट व चोरी के मुकदमे भी कायम हैं। शिव ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दायर किया गया है शुक्रवार को आरोपियों को जेल भेज दिया जाएगा।

# चंदौली में पुलिस मुठभेड़ में बावरिया गिरोह के आठ सदस्य गिरफ्तार



चंदौली। उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले में दहशत का पर्याय बने बावरिया गिरोह के आठ सदस्यों को पुलिस ने गुरुवार सुबह दो अलग अलग मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि अलसुबह सकलडीहा, सैयदराजा एवं चंदौली पुलिस ने घेराबंदी कर मुठभेड़ की घटना को अंजाम दिया, बाद में अलीनगर पुलिस ने घेराबंदी कर बावरिया गिरोह के सदस्यों को धर दबोचा। इस दौरान बावरिया गिरोह के शातिर सदस्यों ने भी पुलिस फोर्स को टारगेट किया, दोनों तरफ से जमकर गोलियां चली। पुलिस की फायरिंग से बावरिया गिरोह के कुल आठ सदस्यों घायल हुए जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल भेज दिया गया। इस हाफ इनकाउंटर में बावरिया गिरोह के कुछ सदस्य अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। गौरतलब है कि इस गिरोह ने सबसे पहले सकलडीहा कोतवाली के चतुर्भुजपुर स्थित एक आभूषण की दुकान को निशाना बनाया था, फिर दस जनवरी को अलीनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पंचफेड़वा स्थित आवासीय दुकान में लूट की घटना को अंजाम देने के दौरान पिता पुत्र पर जानलेवा हमला कर जिले में दहशत का माहौल पैदा कर दिया था। सकलडीहा क्षेत्र में बदमाशों से मुठभेड़ की घटना की सूचना मिलते ही मौके पर एएसपी विनय कुमार सिंह, सीओ सकलडीहा रघुराज, सीओ सदर राजेश कुमार राय मयफोर्स पहुंच गए। सर्वप्रथम भोजापुर रेलवे क्रॉसिंग से सकलडीहा रेलवे स्टेशन जाने वाले मार्ग पर देशी शराब की दुकान के समीप स्थित बगीचे में बावरिया गिरोह की मौजूदगी की भनक सकलडीहा पुलिस को लगी।

# ट्रैक्टर ट्राली पलटने से किसान की मौत

सीतापुर। उत्तर प्रदेश में सीतापुर जिले के हरगांव क्षेत्र में बुधवार रात घने कोहरे के बीच नदी में ट्रैक्टर ट्राली पलटने से गई एक किसान की मृत्यु हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि हरगांव माहोली मार्ग पर सड़वापुर खामोला मार्ग पर यह हादसा समय हुआ जब देशराज यादव (40) एवं रविंद्र कुमार (25) गन्ना लेकर मिल आ रहे थे कि ट्रैक्टर ट्रॉली अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई।यह दोनों लोग गन्ने के नीचे दब गए। राहगीरों ने पास के गांव में सूचना दी। गांव वालों ने पुलिस को सूचना देकर गन्ने को हटाया और गंभीर रूप से घायल देशराज एवं रविंद्र को हरगांव अस्पताल भेजा जहां देशराज को मृत घोषित कर दिया गया।

# बुलंदशहर में 25 हजार का इनामी गिरफ्तार

बुलंदशहर। उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर जिले के ककोड़ क्षेत्र में पुलिस ने एक संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद 25 हजार रुपये के इनामी वाहन चोर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक अपराध राकेश कुमार मिश्रा ने गुरुवार को बताया कि 17/18 जनवरी की रात पुलिस एक सूचना के आधार पर कस्बे की ऐरोसिटी कॉलोनी के पास संदिग्ध वाहनों की चैकिंग कर रही थी कि बाइक पर एक संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया। रूकने का इशारा करने पर वह बाइक को तेजी से भगाने लगा। बदमाश का पीछा करने पर उसकी मोटरसाइकिल ऐरोसिटी के पास अनियन्त्रित होकर फिसल गयी। खुद को पुलिस से घिरता देख उसने पुलिस पर फायर कर दिया। जवाबी कार्रवाई में बदमाश गोली लगने से घायल हो गया जिसे गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार बदमाश की पहचान फरमान निवासी फैसलाबाद थाना कोतवाली नगर, बुलन्दशहर के रुप में हुई है।

उसके कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस, चोरी करने वाले उपकरण, नकदी व बाइक बरामद हुई है। एसपी ने बताया कि बदमाश शातिर किस्म का चोर हैं। अभियुक्त फरमान के विरूद्ध थाना ककोड़ पर धारा 379/411 धारा 379/411 धारा 398/401 के तीन मुकदमे पंजीकृत है।

## ट्रैक्टर-ट्रालियों में लगाये रेडियम कवर

विशाल इंडिया/पुनीत मिश्रा



सीतापुर। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत परिवहन विभाग सीतापुर द्वारा सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर रेडियम कवर लगवाये गये।एआरटीओ प्रशासन माला बाजपेई ने बताया कि ठंड के मौसम में गन्ना-ढुलाई के समय हादसों की संख्या बढ़ जाती है। रेडियम टेप सड़क हादसो को रोकने में सहायक है। उन्होंने बताया कि विशेष तौर पर लाल कपड़े पर रेडियम को लगाते हुए कवर तैयार किए गए हैं जो की ढुलाई के वक्त वाहन चालक द्वारा वाहन के पिछले हिस्से पर लगाए जाएंगे। जिससे दुर्घटना की संभावना को न्यूनतम स्तर तक ले जाया जा सकता है।

# मतदाताओं को जागरूक करने हेतु साप्ताहिक कार्यक्रमों का समापन किया

**ललितपुर।** राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद नैक द्वारा बी ग्रेड प्राप्त संस्थान पहलवान गुरुदीन महिला महाविद्यालय पनारी ललितपुर में 18 जनवरी 2024 को स्वीप योजना के अंतर्गत मतदाताओं को जागरूक करने हेतु साप्ताहिक कार्यक्रमों का आज समापन किया गया।

कार्यक्रम में एनसीसी/ एनएसएस/ रोवर्स रेंजर्स उन्नत भारत के वॉलिंटियर्स एवं अन्य पाठ्यक्रमों में अध्यनरत छात्राओं ने प्रतिभाग किया। महाविद्यालय की प्रबंधक सितारा देवी जी ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए अपने मताधिकार का उपयोग करने हेतु प्रेरित किया।

साथ ही मतदाताओं को जागरूक करने और मतदान के प्रतिशत बढ़ाने के लिए अपना योगदान देने और अपने गांव, अपने शहर तथा अपने आसपास के मतदाताओं को मतदान करने हेतु मतदान केन्द्र तक लाने के लिए प्रेरित किया, ताकि कोई भी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने में वंचित न रह जाए।

प्रबंध निर्देशिका डॉ पूजा यादव ने अपने वक्तव्य में कहा कि हर भारतीय को मतदान करने के अधिकार पर गर्व होना चाहिए मतदान भविष्य का विधाता होता है। युवा मतदाताओं को युवा पीढ़ियों को मतदान के लिए जागरूक करना चाहिए। मतदान से अपने योग्य उम्मीदवार को चयनित करें। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सूफिया ने छात्राओं को बताया।

कि एक जिम्मेदार मतदाता ही सभी में जागरूकता ला सकता है। हमें वोट डालने का अधिकार है इसका हमें उपयोग करना चाहिए।

मतदान के प्रतिशत को बढ़ाना भी हमारी एक बड़ी जिम्मेदारी है जिससे लोकतंत्र को और मजबूत बनाया जा सके। इस अवसर पर एनसीसी कैप्टन डॉक्टर वंदना याज्ञिक, असि0प्रो0 प्रकाश खरे, असि 0प्रो0 प्रीति शुक्ला, असि0प्रो0 साधना नागल, असि0प्रो0 रंजना श्रीवास्तव, असि0प्रो0 रत्ना याज्ञिक, असि0प्रो0 सुषमा पटेल, असि0प्रो0 नेहा याज्ञिक, डॉ घूमन अहिरवार, पूजा सिंह, श्रीमती रजनी यादव, श्रीमती गेंदा, मालती राज, नेहा अहिरवार, राघवेंद्र सिंह, जगत झा, मुस्ताक खान, मुजफ्फर अली, रामसहाय, सचिन पटेल, सचिन यादव, बिमला तथा परमानंद उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न

विशाल इंडिया/पुनीत मिश्रा



सीतापुर। जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने शासन द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का तत्काल निस्तारण सुनिश्चित किया जाये, जिससे शासन की मंशा के अनुरूप पात्रों को शीघ्र लाभान्वित किया जा सके। निर्माण कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। उन्होंने कहा कि सीएम डैशबोर्ड पर सभी अधिकारी पूर्ण शुद्धता के साथ समय से डाटा भरा जाना सुनिश्चित करें। खराब प्रदर्शन करने वाले विभागों के अधिकारियों को सुधार के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि आपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत मानकों के अनुसार गुणवत्तापूर्ण कार्य कराया जाय तथा कार्यों की भौतिक प्रगति बढ़ायी जाये। विद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति में सुधार के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। गौआश्रय स्थलों के लंबित भुगतान शीघ्र कराए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

उन्होंने सुपुर्तगी बढ़ाए जाने के निर्देश देते हुए कहा कि गौ संरक्षण केंद्रों को ब्रीड इंप्रूवमेंट सेंटर के रूप में विकसित कराया जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत किश्त आवंटन के उपरांत निर्धारित समयावधि में आवासों का निर्माण पूर्ण कराया जाये एवं इसकी नियमित रूप से समीक्षा की जाये।

## फंदे से लटका मिला विवाहिता का शव

आजमगढ़। आजमगढ़ जिले के गंभीरपुर थाना क्षेत्र के खराटी गांव में विवाहिता का छत में लगे चुल्ले के सहारे फांसी पर लटका हुआ शव बरामद हुआ है। इसम मामले में सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने किसी भी कानूनी कार्रवाई करने से इनकार कर दिया। गंभीरपुर थाना क्षेत्र के खराटी गांव निवासी राकू गौड़ की पत्नी शकुंतला (25) अपने पति से बाजार जाने के लिए कही। पति ने ठण्ड में बाजार लिवा जाने से मना कर दिया और कहा कि जो तुम्हें चाहिए वह लेता आऊगा। पत्नी द्वारा बर्गर और चाउमिन लाने की बात कही गयी। पति बाजार से शाम बर्गर और चाऊमिन लेकर घर आया और पत्नी को देकर 800 मीटर दूर अपने दूसरे घर चला गया। जहां पर माता पिता व अन्य परिवार के लोग रहते थे। वहां से अपने डेढ़ वर्ष के बच्चे को लेकर जब वापस आया तो अंदर से दरवाजा बंद देख वह चिल्लाने लगा और आसपास के लोगों को बुलाया। आस-पास के लोग दरवाजा तोड़कर अंदर गये तो शकुन्तला को फांसी पर लटका पाया। आनन-फानन में एंबुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुहम्मदपुर लाया गया, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## अदालत में भारतीय मूल के मंत्री ने भ्रष्टाचार के आरोपों को नकारा

सिंगापुर सिटी । सिंगापुर में भारतीय मूल के परिवहन मंत्री एस.ईश्वरन ने कथित भ्रष्टाचार के आरोपों को नकार दिया है। अदालत के सामने उन्होंने लगाए गए आरोपों को मानने से बृहस्पतिवार को इनकार कर दिया। गौरतलब है कि उन पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत भ्रष्टाचार के दो आरोपों समेत 27 अन्य आरोप हैं। मीडिया में आई खबर के मुताबिक, परिवहन के अलावा व्यापार संबंधों के प्रभारी मंत्री ईश्वरन (61) बृहस्पतिवार सुबह करीब आठ बजे अदालत पहुंचे। इस दौरान उन्होंने संवाददाताओं के सवालों का कोई जवाब नहीं दिया। बता दें कि ईश्वरन मई 2021 से सिंगापुर में परिवहन मंत्री हैं। वह 1997 में पहली बार संसद सदस्य के रूप में चुने गए थे और उनका राजनीतिक करियर 26 साल से अधिक का है। परिवहन मंत्री को पिछले साल 11 जुलाई को पुलिस ने गिरफ्तार किया गया था। मिली खबर के अनुसार, उनकी गिरफ्तारी के संबंध में 14 जुलाई को सार्वजनिक रूप से जानकारी दी गई थी लेकिन जांच की प्रकृति के बारे में कोई विवरण उपलब्ध नहीं कराया था।

## हैजा की गिरफ्त में जाम्बिया, तीन माह में 400 से ज्यादा की मौत

लुसाका । दक्षिणी अफीकी देश जाम्बिया इन दिनों हैजा की गिरफ्त में आ गया है। यहां पिछले तीन माह में लगभग 400 लोगों की हैजा के कारण जान चली गई है। पिछले साल अक्टूबर से लेकर अब तक यहां 10,000 से अधिक लोग संक्रमित हुए हैं। हैजा के कारण अधिकारियों ने देश भर के स्कूलों को बंद रखने का आदेश जारी कर दिया है। जानकारी के अनुसार राजधानी लुसाका में एक बड़े फुटबॉल स्टेडियम को उपचार केंद्र में बदल दिया गया है। यहां पर जाम्बिया सरकार बड़े पैमाने पर टीकाकरण कार्यक्रम शुरू कर रही है। सरकार का कहना है कि वह देश में प्रभावित समुदायों को प्रतिदिन 24 लाख लीटर स्वच्छ पानी उपलब्ध करा रही है। 'जाम्बिया पब्लिक हेल्थ इंस्टीट्यूट' के अनुसार, जाम्बिया में इसका प्रकोप अक्टूबर में शुरू हुआ था। हैजा के कारण अक्टूबर से अब तक 412 लोगों की मौत हो चुकी है और 10,413 संक्रमितों के मामले दर्ज किए गए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि देश के लगभग आधे जिले और 10 में से नौ प्रांत बुरी तरह से हैजा की चपेट में हैं। करीब दो करोड़ आबादी वाले देश में प्रतिदिन 400 से अधिक मामले सामने आ रहे हैं।

## आतंकवादी समूह से सांठगांठ करने वाले 21 लोग गिरफ्तार

ट्यूनिस । ट्यूनीशिया में एक आतंकवादी समूह से सांठगांठ करने के आरोप में 21 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। ट्यूनीशियाई नेशनल गार्ड ने बुधवार को एक बयान में यह जानकारी दी है। नेशनल गार्ड के फेसबुक पेज पर पोस्ट किए गए एक बयान के अनुसार, देश भर के कई प्रांतों में ट्यूनीशियाई सुरक्षा इकाइयों ने दो महिलाओं सहित एक चरमपंथी धार्मिक सेल के 21 सदस्यों को गिरफ्तार किया। एजेंसी के बयान में कहा गया कि विभिन्न सुरक्षा इकाइयों को आतंकवादी संगठन से जुड़े होने के कारण इन व्यक्तियों की लंबे समय से तलाश थी। इन्हें पु?लिस ने हिरासत में ले लिया गया है। हालांकि बयान में और कोई विवरण नहीं दिया गया। बताया जा रहा है कि ट्यूनीशिया में 2011 के बाद से आतंकवादी गतिविधियों में वृद्धि देखी गई है, जिसमें कई सुरक्षा और सैन्य कर्मी, नागरिक एवं विदेशी पर्यटक मारे गए हैं।

## पुतिन पांचवीं बार बन सकते हैं राष्ट्रपति, अमेरिका में बनेगा मतदान केंद्रं

वाशिंगटन। रूस में राष्ट्रपति चुनाव मार्च में होने जा रहे हैं। 17 मार्च को होने वाले मतदान से राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के लंबे शासन को कम से कम 2030 तक बढ़ने की उम्मीद है। चुनाव में उन्हें किसी बड़ी चुनौती का सामना नहीं करना पड़ेगा। यह चुनाव रूस के यूक्रेन पर हमले शुरू करने के दो साल से अधिक समय बाद होने जा रहा है। रूस के राजदूत अनातोली एंटोनोव ने कहा कि अमेरिका में, हम तीन मतदान केंद्र खोलने की योजना बना रहे हैं। वाशिंगटन में हमारे दूतावास, साथ ही न्यूयॉर्क और ह्यूस्टन में वाणिज्य दूतावास में यह मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। अमेरिका ने मॉस्को की सेनाओं के खिलाफ यूक्रेन को हथियारबंद कर दिया है और पश्चिम ने मॉस्को पर भारी आर्थिक प्रतिबंध लगा दिए हैं। रूस ने पिछले हफ्ते कहा था कि उसने अभी तक यह तय नहीं किया है कि वह यूरोप में मतदान केंद्र खोलेगा या नहीं। वहीं विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया ज़खारोवा ने पिछले हफ्ते कहा था कि हम देशों से सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कह रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनवरी के अंत तक निर्णय ले लिया जाएगा। मॉस्को से यूक्रेन में सेना भेजने के बाद हजारों रूसी अपना देश छोड़कर भाग गए हैं, जिनमें से कई यूरोपीय संघ के देशों में रह रहे हैं। बता दें कि मतदान इसलिए होगा क्योंकि रूस ने अपने यूक्रेन हमले की आलोचना पर प्रतिबंध लगा दिया है। पुतिन, पांचवें राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ेंगे, वह साल 2000 से सत्ता में हैं।



## ब्रैम्पटन और सरे के मेयर कनाडा में बढ़ रही हिंसक घटनाओं पर चिंतित

### – भारतीय और दक्षिण एशियाई व्यापारिक समुदायों को जबरन वसूली की मिल रही हैं धमकियां

टोरंटो । कनाडा में भारतीयों पर हिंसात्मक हमलों की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है। भारतीय और दक्षिण एशियाई व्यापारिक समुदायों को जबरन वसूली की धमकियां मिल रही है। इस खतरे पर अब कनाडा के ब्रैम्पटन और सरे के मेयरों ने चिंता जताई है। दोनों मेयरों ने सरकार से इस समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए त्वरित कार्रवाई करने का आग्रह किया है। ब्रैम्पटन के मेयर पैट्रिक ब्राउन और सरे के मेयर ब्रेंडा लॉक ने इस सप्ताह कनाडा के सुरक्षा मंत्री डोमिनिक लेब्लांक को लिखे एक पत्र में जबरन वसूली के प्रयासों और गोलीबारी समेत हिंसक घटनाओं की बढ़ती संख्या पर गहरी चिंता जताई है। मेयर ने पत्र में लिखा कि दक्षिण एशियाई व्यापार समुदाय के सदस्यों को निशाना बनाकर ये हमले किए जा रहे हैं। मेयर्स ने कहा कि रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) और पील क्षेत्रीय पुलिस सहित स्थानीय पुलिस विभागों ने भी स्थिति की गंभीरता को स्वीकारा है। पील पुलिस ने हाल ही में एक्सटॉर्शन इन्वेस्टिगेटिव टास्क फोर्स लांच की है, जो अब जबरन वसूली की 16 घटनाओं से जुड़ी परिस्थितियों की जांच कर रही है। पुलिस ने कहा कि संदिग्ध अक्सर पीड़ित के नाम के साथ-साथ उनके फोन नंबर, पते और व्यावसायिक जानकारी को जानते हैं और सोशल मीडिया के माध्यम से उनसे संपर्क करते हैं और हिंसा की धमकी देकर पैसे की मांग करते हैं।

## टिकटॉक वीडियो बनने पर गई अमेजन कर्मचारी की नौकरी

सैन फांसिस्को । अमेजन के लिए सात साल तक काम करने वाले एक कर्मचारी ने दावा किया है कि नौकरी से निकाला गया, क्योंकि उसने टिकटॉक पर वीडियो बनाकर पोस्ट किया था। वीडियो में उसने मजाक में ग्राहकों से भारी सामान ऑर्डर करना बंद करने के लिए कहा था। रिपोर्ट के अनुसार, टिकटॉकर, जिसका पहला नाम केंडल है, ने पिछले हफ्ते एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें खुलासा हुआ कि रिटेल दिग्गज ने उस उसकी शिकायतों के कारण बर्खास्त कर दिया है। टिकटॉकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर खुद को अमेजन किंग भी कहता है। टिकटॉकर ने कहा, नमस्कार दोस्तों, मेरे पास कुछ बुरी खबर है। अमेजन ने मुझे निकाल दिया है। सात साल इसतरह बर्बाद हो गए। मैंने लगभग चार सप्ताह पहले एक वीडियो बनाया था, जिसमें लोगों से कहा था कि वे अमेजन से भारी सामान खरीदना बंद कर दें क्योंकि, एक अमेजन कर्मचारी के रूप में, मैं भारी सामान उठाते-उठाते थक गया हूं। अधिकांश दर्शकों को उनके वीडियो फनी लगे। ज्यादातर लोगों ने मजाक के रूप में लिया। लेकिन मेरे वीडियो से बहुत से लोग नाराज हैं। टिकटॉकर ने भी माफी मांगते हुए कहा कि उसका इरादा नुकसान पहुंचाना नहीं था। केंडल ने कहा, अगर आप उस वीडियो से आहत हुए हैं, तब मुझे खेद है। मेरा इरादा कभी भी किसी को ठेस पहुंचाने या किसी के साथ भेदभाव करने का नहीं था। मैं बस एक मजेदार वीडियो बनाना चाहता था। मैं ऐसा यूं ही नहीं कह रहा हूं। मैं पहले ही अपनी नौकरी खो चुका हूं और दुबारा नौकरी पर रखने के लायक नहीं हूं, इसलिए कृपया मुझे माफ कर दें।



कनाडा में भारी बर्फबारी के बीच ही सड़क किनारे वाहनों का इंतजार करते हुए लोग।

## गुस्से मे जज ने कहा कोर्ट से बाहर कर देंगे, ट्रंप बोले मुझे अच्छा लगेगा

वॉशिंगटन। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने विवादों के लिए हमेशा चर्चा में रहते हैं। हाल ही में एक नया बखेड़ा खड़ा हो गया। हुआ ये कि नागरिक धोखाधड़ी मामले में बुधवार को मैनहटन कोर्ट में सुनवाई हो रही थी। तभी ट्रंप लगातार बोल रहे थे और महिला जज उनकी तरफ चुप रहने का इशारा कर रही थी। लेकिन ट्रंप अनदेखी कर रहे थे, तभी जज ने कहा कि हम आपको कोर्ट से बाहर निकाल देंगे। इस पर उन्होंने जबाव दिया हमें काफी अच्छा लगेगा।

जज लुईस ए कपलान ने पूर्व राष्ट्रपति से कहा कि यदि वह लगातार कोर्ट की कार्रवाई में बाधा पहुंचाएंगे तो उनके मुकदमे में उपस्थित होने का अधिकार खत्म कर दिया जाएगा। शुरुआती चेतावनी के बाद दूसरे पक्ष की ओर से ई। जीन कैरोल ने कहा कि ट्रंप को अभी भी उनके वकीलों पर टिप्पणी करते हुए सुना जा सकता है। यह वास्तव में एक धोखाधड़ी का काम है। जज ने कहा कि ट्रंप को यहां मौजूद रहने का अधिकार है। अगर वह लगातार बाधा पहुंचाएंगे तो उस अधिकार को जब्त किया जा सकता है। जवाब में ट्रंप ने अपने हाथ ऊपर कर दिए। इसके बाद जज ने कहा कि मैं समझता हूं कि आप शायद मेरे ऐसा करने के लिए उत्सुक हैं। कोर्ट रूम में पत्रकारों ने ट्रंप को यह कहते हुए सुना है कि उन्होंने कहा कि मुझे यह पसंद आएगा। जज ने आगे कहा कि मुझे पता है आप ऐसा ही करेंगे क्योंकि आप इस परिस्थिति में खुद पर नियंत्रण नहीं रख सकते। इसके बाद ट्रंप ने पत्रकारों से बातचीत में जज की आलोचना की। उन्होंने बिल क्लिंटन की ओर नियुक्त किए गए व्यक्ति को एक बुरा जज और ट्रंप से नफरत करने वाला व्यक्ति करार दिया। ट्रंप ने एक अन्य मामले में जज के बारे में इसी तरह की टिप्पणियां की हैं। दरअसल, न्यूयॉर्क के एक मुकदमे में उन पर बीमा और लोन पर बेहतर दरें प्राप्त करने के लिए संपत्ति के मूल्यों को बढ़ाने का आरोप लगाया गया था।

# बलोचों के कारण दोनों इस्लामिक देश पाकिस्तान और ईरान एक-दूसरे के दुश्मन

**तेहरान (एजेंसी)।** किसी भी संकट में दुनिया भर के इस्लामिक देशों की एकता की दुहाई देने वाले ईरान और पाकिस्तान के बीच इन दिनों ठनी हुई है। मंगलवार रात ईरान ने पाकिस्तान पर मिसाइल अटैक कर दिया था वहीं अब पाक ने जवाबी कार्रवाई कर दी है। दोनों ओर से दावा किया जा रहा है कि उन्होंने सीमा पार सक्रिय आतंकवादियों के ठिकानों को निशाना बनाया है। पाकिस्तान सरकार का कहना था कि उसकी सप्रभुता पर ईरान ने हमला किया है, इसके बाद उसका जवाबी कार्रवाई का हक है। वहीं ईरान का कहना है कि उसने जैश अल-अदल नाम के आतंकी संगठन को टारगेट किया है। खैर, जंग के बीच सवाल यह है कि दोनों मुस्लिम देश हैं। फिलिस्तीन जैसे मामले पर इस्लाम की दुहाई देकर एकता की भी बात करते हैं।

फिर ईरान और पाकिस्तान के बीच इतना संघर्ष क्यों है? दरअसल इसका जवाब दोनों ही देशों के एक आतंरिक मसले में छिपा है। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में बलोचों की बड़ी आबादी रहती हैं। इसके अलावा ईरान के सिस्तान में भी बलूचों का एक तबका रहता है। बलोच इतिहास को समझने वाले कहते हैं कि इनकी संस्कृति भी ईरान से ही मेल खाती है, लेकिन शिया बहुल ईरान में ये उत्पीड़न का आरोप लगाते हैं। इतना ही नहीं जैश अल-अदल जैसे कुछ आतंकी संगठन बलूचिस्तान और सिस्तान को मिलाकर एक अलग देश ही बनाने की वकालत करते हैं।

कुल मिलाकर मामला एक अलग बलोच पहचान और उसके लिए अलग मुल्क से जुड़ा है। ईरान में बलोच उत्पीड़न का आरोप लगाते रहे हैं और पाकिस्तान में भी ऐसा ही है। पाकिस्तान में बलोच लिबरेशन आर्मी जैसे कई संगठन हैं, जो उसकी सरकार और सेना के खिलाफ सशस्त्र विद्रोह करते रहे हैं। वहीं ईरान में जैश अल-फदल विद्रोही रहा है। अब मसला यह है कि ईरान हमेशा कहता है कि जैश अल-फदल ने पाकिस्तान में बेस बना रखा है और वहीं से ईरान के सीमांत सिस्तान प्रांत में हमले करता है। इतना ही नहीं वहां सेना को भी सीमा पर निशाना बनाता है।

ईरान का कहना है कि इसी संगठन के दो ठिकानों को एयरस्ट्राइक कर के नेस्तनाबूद किया है। वहीं पाकिस्तान का कहना है कि बलोच लिबरेशन आर्मी जैसे संगठनों को ईरान से समर्थन मिला है। इस तरह दोनों इस्लामी मुल्क होने के बाद भी बलोचों के मसले पर आमने-सामने हैं। इसके अलावा शिया और सुन्नी वाला मतभेद भी दोनों में वैसी एकता नहीं होने देता, जैसी सऊदी अरब से पाकिस्तान की है। ईरान का कहना है कि जैश अल-फदल को पाकिस्तान के अलावा सऊदी अरब और ईरान से भी समर्थन हासिल है।

जैश अल-फदल की 2012 में स्थापना हुई थी। उसके बाद से ही संगठन ईरान की सेना को निशाना बनाता रहा है। इस ईरान, जापान, न्यूजीलैंड और अमेरिका ने प्रतिबंधित कर आतंकी संगठन घोषित किया है। फिलहाल इस संगठन का मुखिया सलाहुद्दीन फारूकी है, जिसके भाई आमिर नौरी को तालिबान ने मार गिराया था।




## पाकिस्तान के अंदर ईरानी हमले पर यूएन चिंतित, गुटेरेस ने की संयम की अपील

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने पाकिस्तान के अंदर ईरानी हमले को लेकर चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि एक ओर जहां इजरायल-हमास संघर्ष से उत्पन्न संकट से देश बाहर नहीं निकले हैं वहीं अब यह हमला चिंता का विषय है। यह बात उनके प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कही है। दुजारिक ने बुधवार को कहा कि वह पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर ईरानी हमलों के बारे में बहुत ज्यादा चिंतित है, इसमें कथित तौर पर दो बच्चों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। उन्होंने कहा कि वह संयम बरतने और आगे किसी भी तनाव से बचने की अपील करते हैं। गौरतलब है कि ईरान ने मंगलवार को पाकिस्तान में करीब 50 किलोमीटर अंदर बलूचिस्तान के कोह-ए-सब्ज़ में सुन्नी आतंकी समूह जैश अल-अदल के दो ठिकानों पर मिसाइलों और ड्रोन से हमला किया था। इससे पहले सोमवार को तेहरान ने इराक में कुर्द क्षेत्र की राजधानी इरबिल में एक इजरायली खुफिया केंद्र और उत्तरी सीरिया के इदलिब में सुन्नी इस्लामिक स्टेट आतंकवादी संगठन के अड्डे पर हमला किया था।

यूएन प्रवक्ता डुजारिक ने कहा कि गुटेरेस युद्ध संघर्ष फैलने के बारे में चिंतित हैं और संकट के समाधान की बात कही है। उन्होंने बताया कि दावोस में विश्व आर्थिक मंच की बैठक में शामिल गुटेरेस ने इराक के पीएम मोहम्मद शिया अल-सुदानी और इराक के कुर्द क्षेत्र के अध्यक्ष नेचिरवन बरज़ानी के साथ बैठकों में क्षेत्रीय स्थिति पर चर्चा की। अगली कार्रवाई के तौर पर पाकिस्तान और इराक ने ईरान से अपने राजदूतों को वापस बुला लिया और इस्लामाबाद ने तेहरान के दूत को देश लौटने से रोक दिया है। ईरान के रक्षा मंत्री मोहम्मद रज़ा अश्तियानी ने कहा कि जब कोई ईरान को धमकी देगा तो हम प्रतिक्रिया देंगे और यह प्रतिक्रिया कठोर और निर्णायक होगी। उन्होंने चेतावनी दी, हम दुनिया में एक मिसाइल शक्ति हैं। वहीं पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने हमले के गंभीर परिणामों की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि इसकी जिम्मेदारी पूरी तरह से ईरान की होगी।



## अमेरिका की सबसे बड़ी एयर स्ट्राइक शुरू, हूती ठिकानों पर की बमबारी

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका ने हूती ठिकानों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए तगड़ी बमबारी शुरु कर दी है। बता दें कि लाल सागर में लगातार मर्चेंट शिप को निशाना बनाए जाने पर अमेरिका ने एक बार फिर यमन में हूती संगठन के ठिकानों पर नए सिरे से हमला किया है। पिछले साल नवंबर के महीने से अदन की खाड़ी और लाल सागर से होकर जाने वाले जहाजों पर मिलिशिया के लगातार हुए हमलों के चलते एशिया और यूरोप के बीच व्यापार को धीमा कर दिया है। अमेरिकी सेना ने कहा कि हमारे नए हमलों से लाल सागर, बाब-अल-मंडेब जलडमरूमध्य और अदन की खाड़ी में मर्चेंट शिप पर अपने हमलों को जारी रखने की हूथी की ताकत कम हो जाएंगी। वहीं कमांडर जनरल माइकल एरिक कुरिला ने कहा कि ईरानी समर्थित हूथी आतंकवादियों की कार्रवाइयां अंतरराष्ट्रीय नाविकों को खतरे में डाल रही हैं और दक्षिणी लाल सागर और निकटवर्ती जलमार्गों में वाणिज्यिक शिपिंग लेन को बाधित कर रही हैं। पिछले सप्ताह यमन में अमेरिका और ब्रिटेन के साथ कई अन्य देशों ने मिलकर हूती के करीब 30 ठिकानों पर हमला किया था। बुधवार को अमेरिकी सेना ने पहले कहा था कि यमन में हूती विद्रोहियों द्वारा नियंत्रित क्षेत्रों से लॉन्च किए गए एक ड्रोन ने अदन की खाड़ी में एक अमेरिकी जहाज पर हमला किया था।

इस मामले में यू.एस सेंट्रल कमांड ने एक्स पर पोस्ट में बताया था कि हूथी द्वारा किए गए इस ताजा हमले में कोई घायल नहीं हुआ। लेकिन कुछ क्षति हुई है। यमन के अधिकांश हिस्से पर नियंत्रण रखने वाले हूती का कहना है कि वे गाजा में फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता से काम कर रहे हैं और उन्होंने पिछले सप्ताह के पहले अमेरिकी और ब्रिटिश हमलों के जवाब में अपने हमलों का विस्तार करने की धमकी दी है। बुधवार को संयुक्त राज्य अमेरिका ने यमन स्थित हूथी विद्रोहियों को आतंकवादियों की लिस्ट में फिर से डाल दिया है। हूती ने इस सप्ताह लाल सागर क्षेत्र में अमेरिका संचालित जहाज पर एक और हमले का भी दावा किया था। हालांकि प्रतिबंधों और सैन्य हमलों के बावजूद हूती वाणिज्यिक और सैन्य जहाजों को परेशान करने का अपना अभियान चला रहा है।

## दुनिया को पता चलने से 2 सप्ताह पहले चीनी वैज्ञानिकों ने की थी कोरोना वायरस की मैपिंग, द वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट में बड़ा दावा

**बीजिंग (एजेंसी)।** द वॉल स्ट्रीट जर्नल द्वारा एक्सेस किए गए अमेरिकी कांग्रेस की जांच से संबंधित दस्तावेजों से पता चला है कि चीनी शोधकर्ताओं ने दिसंबर 2019 में बीजिंग द्वारा इसे दुनिया के सामने प्रकट करने से कम से कम दो सप्ताह पहले कोविड -19 वायरस की मैपिंग की थी। दस्तावेजों में कहा गया है कि चीनी शोधकर्ताओं ने 28 दिसंबर, 2019 को अमेरिकी सरकार द्वारा संचालित डेटाबेस में SARS-CoV-2 वायरस का लगभग पूरा अनुक्रम अपलोड किया। हालांकि, चीनी अधिकारियों ने 11 जनवरी को ही विश्व स्वास्थ्य संगठन के साथ डेटा साझा किया।



नया रहस्योद्घाटन घातक वायरस तक चीन की पहुंच के स्तर और आने वाले महीनों में लाखों लोगों की मौत का कारण बनने वाले प्रकोप को किस हद तक नियंत्रित किया जा सकता था, इसके बारे में सवाल उठता है, अगर दुनिया को इसके बारे में सिर्फ दो हफ्ते पहले ही पता चल जाता। अपनी सरकार के प्रशासनिक कदम का बचाव करते हुए, चीनी दूतावास के प्रवक्ता ने यूएस डेली को बताया कि उनकी कोविड प्रतिक्रिया नीतियां 'विज्ञान-आधारित, प्रभावी और चीन की राष्ट्रीय वास्तविकताओं के अनुरूप थीं।

अधिकारी ने कहा कि चीन ने विज्ञान के आधार पर हमारी कोविड प्रतिक्रिया को और अधिक लक्षित बनाने के लिए इसे परिष्कृत करना जारी रखा है। चीनी वैज्ञानिक डॉ. लिली रेन 2019 में कोविड अनुक्रम अपलोड किया था। अंततः, डेटा को सरकारी डेटाबेस से हटा दिया गया और कभी प्रकाशित नहीं किया गया। बाद में, 12 जनवरी, 2020 को एनआईएच ने एक अलग स्रोत से प्राप्त एक ताजा कोविड वायरस प्रकाशित किया।

## रुस के हमलों से हताहत हुए आम नागरिकों की संख्या में साढ़े 26 प्रतिशत की हुई वृध्दि

कीव । रुस और यूक्रेन के बीच चल रही जंग में दोनों ही देशों को भारी नुकसान हुआ है। लेकिन संयुक्त राष्ट्र की दिसंबर 2023 की रिपोर्ट ने सभी को चौंका दिया है। जिसमें कहा गया है कि हाल में रूस के भीषण मिसाइल एवं ड्रोन हमलों के कारण हताहत हुए आम नागरिकों की संख्या में दिसंबर में तेजी से बढ़ोतरी हुई है और इस दौरान इन हमलों में 100 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है एवं करीब 500 लोग घायल हुए हैं। यूक्रेन स्थित संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार निगरानी मिशन ने बताया कि हताहत हुए आम नागरिकों की संख्या में पिछले महीने 26.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

संयुक्त राष्ट्र मिशन ने कहा कि वह इन रिपोर्ट की पुष्टि कर रहा है कि यूक्रेन में 29 दिसंबर से जनवरी की शुरुआत तक किए गए रूसी मिसाइल और ड्रोन हमलों में 86 नागरिकों की मौत हुई है और 416 अन्य लोग घायल हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र मानवतावादी कार्यालय के संचालन निदेशक एडम वोसोर्नू ने पिछले बुधवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को बताया था कि 24 फरवरी, 2022 को रूस द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण करने के बाद से मारे गए आम नागरिकों की संख्या 10,200 से अधिक है, जिसमें 575 बच्चे भी शामिल हैं और घायलों की संख्या 19,300 से अधिक है। उसने बताया कि यह संख्या नवंबर में 468 थी जो दिसंबर में बढ़कर 592 हो गई। संस्था ने कहा कि कुछ रिपोर्ट का सत्यापन होना अभी लंबित है इसलिए यह संख्या और बढ़ने की आशंका है। संयुक्त राष्ट्र निगरानी मिशन के प्रमुख डेनिएल बेल ने कहा, ''2023 में हताहत होने वाले आम नागरिकों की संख्या में लगातार कमी आ रही थी, लेकिन दिसंबर के अंत और जनवरी की शुरुआत में हमले बढ़ने के कारण संख्या में बढ़ोतरी हुई।''

## हमले के बाद सफाई देने लगा पाकिस्तान, ईरान को बताया भाई, विदेश मंत्रालय ने जारी किया बयान

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान ने गुरुवार को सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाने का दावा करते हुए ईरान पर मिसाइल हमले किए। यह मंगलवार देर रात पाकिस्तान पर ईरान के हमलों की प्रतिक्रिया के रूप में आया है। ईरानी राज्य टीवी की रिपोर्ट है कि जवाबी हमलों में तीन महिलाओं और चार बच्चों सहित कम से कम सात लोगों की जान चली गई। ईरान के सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत के उप प्रांतीय गवर्नर अलीरेज़ा मरहमती ने हताहतों की संख्या की पुष्टि करते हुए कहा कि पाकिस्तान ने एक ईरानी सीमावर्ती गांव पर मिसाइलों से हमला किया। इस घटना में तीन महिलाएं और चार बच्चे मारे गए।

पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि अत्यधिक समन्वित और विशेष रूप से लक्षित सटीक सैन्य हमलों की श्रृंखला में कई आतंकवादी मारे गए। आज सुबह, पाकिस्तान ने ईरान के सीस्तान-ओ-बलूचिस्तान प्रांत में आतंकवादी ठिकानों के खिलाफ अत्यधिक समन्वित और विशेष रूप से लक्षित सटीक सैन्य हमलों की एक श्रृंखला शुरू की। इंटेलिजेंस-आधारित ऑपरेशन जिसका कोडनेम %मार्ग बार सरमाचर% था। पिछले कई वर्षों में ईरान के साथ हमारी बातचीत में, पाकिस्तान ने लगातार ईरान के अंदर अनियंत्रित स्थानों पर खुद को सरमाचर्स कहने वाले पाकिस्तानी मूल के आतंकवादियों द्वारा प्राप्त सुरक्षित पनाहगाहों और अभयारण्यों के बारे में अपनी गंभीर चिंताओं को साझा किया है। पाकिस्तान ने इन आतंकवादियों की मौजूदगी और गतिविधियों के ठोस सबूतों के साथ कई डोजियर भी साझा किए। हालाँकि, हमारी गंभीर चिंताओं पर कार्रवाई की कमी के कारण, ये तथाकथित सरमाचर बेखौफ होकर निर्दोष पाकिस्तानियों का खून बहाते रहे। ईरान को अपना भाई बताते हुए पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने कहा है कि पाकिस्तान के लोग ईरान और ईरानी लोगों के प्रति बहुत सम्मान और स्नेह का भाव रखते हैं।

आज सुबह की कार्रवाई इन तथाकथित सरमाचरों द्वारा आसन्न बड़े पैमाने पर आतंकवादी गतिविधियों की विश्वसनीय खुफिया जानकारी के आलोक में की गई थी। यह कार्रवाई सभी खतरों के खिलाफ अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा करने के पाकिस्तान के दृढ़ संकल्प की अभिव्यक्ति है। इस अत्यधिक जटिल ऑपरेशन का सफल क्रियान्वयन पाकिस्तान सशस्त्र बलों की व्यावसायिकता का भी प्रमाण है। पाकिस्तान अपने लोगों की सुरक्षा और संरक्षा को बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाना जारी रखेगा जो पवित्र, अनुल्लंघनीय और पवित्र है।



# ऋषभ, राहुल और सैमसन सहित सभी खिलाड़ी टी20 विश्वकप की योजनाओं में शामिल : द्रविड़

**बेंगलुरू(एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने संकेत दिये हैं कि आगामी टी20 विश्वकप के लिए आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के अलावा विकेटकीपिंग में भारत के पास जितेश, संजू सैमसन, ईशान किशन और केएल राहुल जैसे खिलाड़ी हैं। द्रविड़ के अनुसार कोई भी भी आगामी टी20 विश्वकप की योजनाओं से बाहर नहीं हैं। अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज टी20 विश्वकप से पहले भारतीय टीम की अंतिम सीरीज थी। ऐसे में टीम चयन का आधार इंडियन प्रीमियर लीग में खिलाड़ियों का प्रदर्शन भी रहेगा। आईपीएल में सभी युवा और सीनियर खिलाड़ी भी खेलेंगे। इसमें सबकी नजरें हार्दिक पंड्या और सूर्यकुमार यादव के साथ ही ऋषभ पर रहेंगी। ऋषभ कार हादसे के बाद से ही पिछले एक साल से खेल से दूर हैं और उनके आईपीएल से वापसी करने की संभावनाएं हैं।

द्रविड़ ने अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज में 3-0 से मिली जीत पर खुशी जताई है। साथ ही कहा कि इस सीरील में कई युवा खिलाड़ियों के अच्छे प्रदर्शन से टीम को जून में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए कई विकल्प भी मिल गए हैं। टीम पिछले साल एकदिवसीय विश्व कप के बाद से ही 11 टी20 खेले हैं। वहीं इस सीरीज में कुछ सीनियर खिलाड़ियों को आराम दिए जाने के कारण ही टीम प्रबंधन ने युवा जितेश शर्मा और शिवम दुबे को अवसर दिया और इन दोनो ने ही अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया।

भारतीय टीम ने आईसीसी टी20 विश्व कप से पहले अपनी एक संभावित खिलाड़ियों की सूची तैयार कर ली है। इसमें ऑलराउंडर के तौर पर हार्दिक पंड्या के विकल्प के रुप में शिवम का नाम है। वहीं विकेटकीपर के तौर पर भी भारत के पास ऋषभ के अलावा राहुल , संजू सैमसन जैसे खिलाड़ी हैं। ऐसे में ईशान के लिए वापसी मुश्किल नजर आ रही है।



# एशियन कप में भारत बनाम उज्बेकिस्तान की भिड़ंत, भारतीय टीम को करना होगा बेहतर प्रदर्शन




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया की मजबूत टीम के सामने कड़ी चुनौती पेश करने वाली भारतीय टीम आज एशियन कप फुटबाल टूर्नामेंट के अपने दूसरे ग्रुप मैच में उज्बेकिस्तान का सामना करेगी और उसका लक्ष्य पिछले मैच की तुलना में बेहतर प्रदर्शन करना होगा। भारत वर्ल्ड रैंकिंग में 102वें जबकि उज्बेकिस्तान 68वें नंबर पर है।

भारत ने 13 जनवरी को खेले गए अपने पहले मैच में खिताब के प्रबल दावेदार ऑस्ट्रेलिया को 50 मिनट तक गोल करने नहीं दिया था। लेकिन आखिर में उसे 0-2 से हार का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया ने आक्रामक रवैया अपनाया, लेकिन सुनील छेत्री की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने उसे बड़े अंतर से जीत दर्ज नहीं करने दी। भारतीय रक्षापंक्ति ने पहले हाफ में अच्छा खेल दिखाया और उज्बेकिस्तान के खिलाफ वह इसे जारी रखने की कोशिश करेंगे। उज्बेकिस्तान ने अपना पहला मैच सीरिया के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ खेला था।

भारतीय कप्तान सुनील छेत्री ने कहा कि, उज्बेकिस्तान की टीम ऑस्ट्रेलिया की तरह मजबूत नहीं है। लेकिन वह एक अच्छी टीम है इसलिए हमारे सामने इस मैच में भी बड़ी चुनौती होगी। उज्बेकिस्तान के खिलाफ भारत को जवाबी हमले करने पर ध्यान देना होगा। छेत्री मनवीर सिंह जैसे अग्रिम पंक्ति के खिलाड़ियों को जो भी मौका मिले उसका फायदा उठाना होगा। रक्षापंक्ति में संदेश झिंगन की भूमिका अहम होगी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उन्होंने शानदार खेल दिखाया था।

# भारतीय फैंस का टूटा दिल, सुमित नागल चीनी खिलाड़ी से हारकर ऑस्ट्रेलियन ओपन से हुए बाहर



**मेलबर्न (एजेंसी)।** भारत के सुमित नागल ऑस्ट्रेलियन ओपन टेनिस में हार के साथ ही बाहर हो गये हैं। नागल को चीन के शेंग जुसेंगे के हाथों हार का सामना करना पड़ा है। सुमित ने पहला सेट जीतकर इस टूर्नामेंट की अच्छी शुरुआत की पर इकसे बाद अगले तीन सेटों में चीनी खिलाड़ी ने 6-2, 3-6, 5-7, 4-6 से जीत दर्ज कर उन्हें बाहर कर दिया।

सुमित ने चीनी खिलाड़ी के खिलाफ पहला सेट जीतने के साथ ही शुरुआती जीत हासिल की थी पर चीनी खिलाड़ी ने इसके बाद के सेट जीत लिए। चीनी खिलाड़ी ने शानदार वापसी करते हुए दूसरे सेट के चौथे गेम में ही सुमित की सर्विस तोड़ दी। इसके बाद चीनी खिलाड़ी ने आसानी से दूसरा सेट भी अपने नाम किया। वहीं सुमित तीसरे और चौथे सेट में भी वापसी नहीं कर पाए और मुकाबला उनके हाथ से निकल गया। वहीं अंतिम सेट चीनी खिलाड़ी ने 6-4 से जीता और मैच अपने नाम कर लिया

दोनों खिलाड़ियों के बीच तीसरा सेट संघर्षपूर्ण रहा। दोनों खिलाड़ी तीसरे सेट को जीतने के करीब थे पर नागल को अंत में हार का सामना करना पड़ा। इससे ये सेट 7-5 से ये चीनी खिलाड़ी शेंग ने जीत लिया। इससे पहले सुमित ने पहले दौर में कजाकिस्तान के अलेक्जेंडर बुब्लिक को हराया था। सुमित ने इस टूर्नामेंट में अपने से कहीं ज्यादा 31वीं वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर बुब्लिक को हराकर सबको हैरान कर दिया था।

# सचिन की शिकायत के बाद मुम्बई पुलिस ने डीपफेक वीडियो मामले में दर्ज की एफआईआर

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान सचिन तेंदुलकर के डीपफेक वीडियो के मामले में मुंबई पुलिस ने एक एफआईआर दर्ज की है। इससे पहले सचिन के पीए ने इसकी शिकायत मुंबई पुलिस से की थी। जिसके बाद पुलिस ने इस मामले में गेमिंग कंपनी के खिलाफ दुष्प्रचार और फेक वीडियो का मामला दर्ज कर लिया है। इससे पहले सचिन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था जिसमें वह स्काईवर्ड एविएटर क्वेस्ट गेमिंग ऐप को प्रमोट करते दिखे। इस वीडियो में सचिन कह रहे हैं कि उनकी बेटी सारा इस गेम से हर दिन काफी पैसा कमाती है। वे लोगों को बताते हैं कि अब अच्छा पैसा कमाना कितना आसान हो गया है। वहीं इस वीडियो के वायरल होने के बाद सचिन ने एक पोस्ट साझा कर लोगों से इससे दूर रहने को कहा है। सचिन ने लिखा, यह वीडियो फेक है और आपको धोखा देने के लिए बनाया गया है। साथ ही कहा कि तकनीक का इस प्रकार का दुरुपयोग सही नहीं कहा जा सकता है। इसके साथ ही ये भी कहा कि ऐसे वीडियो या एप या विज्ञापन आपको दिखें तो तत्काल इसकी शिकायत करें। साथ ही कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफार्मों को भी सावधान रहना चाहिए और इनके खिलाफ की गई शिकायत पर जल्द से जल्द कार्रवाई करनी चाहिए। उनकी भूमिका इस बारे में बेहद जरूरी है जिससे गलत सूचना और खबरों को रोका जा सके और डीपफेक का दुरुपयोग समाप्त हो सके। इस पूर्व क्रिकेटर ने पोस्ट में भारत सरकार, सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री के साथ ही महाराष्ट्र साइबर पुलिस को भी इसमें टैग किया है।



## टी20 वर्ल्ड कप : भारत–पाकिस्तान मैच के लिए तैयार हुआ स्टेडियम, आईसीसी ने शेयर की तस्वीर



स्पोर्ट्स डेस्क : न्यूयॉर्क में नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, जो 9 जून को टी20 वर्ल्ड कप 2024 में भारत बनाम पाकिस्तान खेल की मेजबानी करेगा। इस मैदान का बुधवार को आधिकारिक तौर पर अनावरण किया गया। न्यूयॉर्क का आयोजन स्थल आईसीसी आयोजन के आठ मैचों की मेजबानी करने वाला है। नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम 5 जून को आयरलैंड के खिलाफ भारत के शुरुआती मैच की भी मेजबानी करेगा। आईसीसी के मुख्य कार्यकारी ज्योफ एलार्डिस इस नए मैदान को लेकर उत्साहित नजर आए। आईसीसी ने एलार्डिस के हवाले से कहा कि ये अब तक के सबसे बड़े आईसीसी आयोजन की अगुवआई में एक अविश्वसनीय रूप से अहम है। स्टेडियम पर काम शुरू हो रहा है जो 34 हजार क्रिकेट फैंस को समायोजित करने में सक्षम होगा। वहीं आईसीसी द्वारा जो तस्वीर शेयर की गई है उस स्टेडियम में दर्शकों की बैठने की क्षमता 34 हजार है और ये आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2024 के आठ मैचों की मेजबानी करेगा। स्टेडियम पर काम चल रहा है साथ ही इसके जल्द से जल्द पूरा होने की उम्मीद है।

# सूर्यकुमार की हुई सफल सर्जरी

नई दिल्ली । भारतीय क्रिकेट टीम के आक्राम बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव की सफल सर्जरी हुई है। सूर्यकुमार की 'स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी जर्मनी में हुई है। उन्हें अब पूरी तरह से ठीक होने में कम से कम एक माह का समय लगेगा। इसी कारण वह इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज से भी बाहर हैं। सूर्या को पिछले माह दक्षिण अफ्रीका दौरे में चोट लग गयी थी। इस आक्रामक बल्लेबाज ने कहा कि मेरी सर्जरी ठीक से हो गई है। साथ ही कहा कि मैं सभी को उनकी शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद देना चाहूंगा जिन्हें मेरे स्वास्थ्य के प्रति चिंता जतायी थी। मैं शीघ्र ही वापसी करूंगा। सूर्यकुमार के जून में आईपीएल से वापसी की उम्मीदें हैं। सूर्या टी20 के शीर्ष खिलाड़ी हैं, ऐसे में आगामी टी20 विश्वकप को देखते हुए उनका फिट होने भारतीय टीम के लिए जरुरी है। सूर्यकुमार सर्जरी के कारण अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज में नहीं खेल रहे हैं। उनके नाम टी20 में चार शतक है पर उनका ये रिकार्ड कप्तान कप्तान रोहित शर्मा ने अफगानिस्तान के खिलाफ मैच में पांचवां शतक लगाकर तोड़ दिया है। सूर्यकुमार इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के लिएभी । सूर्यकुमार अब आईपीएल में ही मुंबई इंडियंस के लिए खेलते नजर आएंगे।



# पिछले दो साल से रिवर्स-स्वीप शॉट खेलने का प्रयास कर रहा था : रोहित



मुम्बई । भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने अफगानिस्तान के खिलाफ अंतिम टी20 मैच में काफी रिवर्स स्वीप शॉट लगाये थे। इसी को लेकर रोहित ने अब कहा है कि वह पिछले दो साल से रिवर्स-स्वीप शॉट का अभ्यास कर रहे थे। रोहित ने इस मैच में शानदार शतक लगाया था। ये रोहित का टी20 में पांचवां शतक था। रोहित 69 गेंदों में 11 चौकों और आठ छक्कों की सहायता से 121 रन बनाकर नाबाद रहे। रोहित ने दूसरे सुपर ओवर में भारतीय टीम को जीत दिलायी।

भारत की जीत के बाद रोहित ने कहा कि वह पिछले दो साल से रिवर्स-स्वीप का अभ्यास कर रहे हैं। रोहित ने कहा, मैं उस शॉट का बहुत अभ्यास कर रहा हूं। अगर आप गेंदबाज पर दबाव बनाना चाहते हैं तो आपको ये शॉट खेलने ही होंगे, जब गेंद घूम रही हो तो आप सीधे शॉट नहीं लगा सकते। आपको कुछ अलग करने के प्रयास करने होंगे। साथ ही कहा कि मैं पिछले दो साल से स्वीप और रिवर्स-स्वीप का अभ्यास कर रहा हूं। साथ ही कहा कि उन्होंने पहले भी टेस्ट क्रिकेट में रिवर्स-स्वीप खेला है, उन्होंने जोर देकर कहा कि शॉट चयन के मामले में विकल्प रखना अच्छा है। उन्होंने कहा, मैंने टेस्ट क्रिकेट में कई बार शॉट खेला। आपके पास विकल्प होने चाहिए और यह आप पर निर्भर है कि उन विकल्पों का उपयोग कैसे करें।

# भारतीय स्पिनरों का सामना करने के लिए तैयारियां कर रही है इंग्लैंड : एंडरसन

### -चार स्पिनरों जैक, रेहान , टॉम और बशीर को दल में शामिल किया

**अबुधाबी (एजेंसी)।** भारत के साथ इसी माह 25 जनवरी से शुरु हो रही पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड की टीम यहां तैयारियों में लगी है। टीम के अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने कहा कि उनकी टीम भारतीय स्पिनरों का सामना करने के लिए तैयार है। भारत में पारंपरिक रूप से स्पिनरों को पिच से सहायता मिलती है। इसी को देखते हुए इंग्लैंड ने चार विशेषज्ञों स्पिनरों जैक लीच, रेहान अहमद, टॉम हार्टले और शोएब बशीर को अपने दल में शामिल किया है। इंग्लैंड के खिलाड़ी अभी यहां प्रशिक्षण शिविर में अपनी कमियों को दूर कर रहे हैं। टीम में चार विशेषज्ञों स्पिनरों जैक लीच, रेहान अहमद, टॉम हार्टले और शोएब बशीर को शामिल किया है। इसमें से केवल लीच को ही भारत में टेस्ट प्रारूप में खेलने का अनुभव है। इस दौरे में खिलाड़ियों का मार्गदर्शन अनुभवी होने के कारण एंडरसन, ओली रोबिन्सन और मार्क वुड करेंगे। इन तीनों ने ही भारत में पहले खेला है। एंडरसन ने कहा, 'टीम में हम केवल चार तेज गेंदबाज जा रहे हैं इसलिए हमें ज्यादा तेज गेंदबाजी कराने की उम्मीद नहीं होगी। ये थोड़ी बदली भूमिका है।

उन्होंने कहा, 'आप उतने ओवर नहीं फेंकोगे जितने आप इंग्लैंड में फेंकते हो पर फिर भी वे अहम हैं। इससे शायद आप जो स्पैल फेंकते हो, उनका महत्व बढ़ जाता है।



हम यही चीज खिलाड़ियों को बताएंगे। एंडरसन ने कहा, 'रिवर्स स्विंग बड़ी भूमिका निभायेगी। इस दौरे में ऐसा भी अवसर होगा जब हम तेज गेंदबाज से शुरूआत ही नहीं करायें। हम शायद दो स्पिनरों से शुरूआत करा सकते हैं। भारत में एंडरसन ने कुल 39 विकेट लिए हैं। पिछले साल घरेलू एशेज श्रृंखला में वह प्रभावी गेंदबाजी नहीं कर पाये थे पर उन्हें उम्मीद है कि इस दौरे में वह बेहतर भूमिका निभा सकेंगे।

# वॉर्नर, बोल्ट और ब्रावो अंतरराष्ट्रीय टी20 लीग में खेलते नजर आयेंगे



दुबई । यूएई में शुक्रवार से शुरु हो रही अंतरराष्ट्रीय टी20 लीग में ऑस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर, न्यूजीलैंड के ट्रेंट बोल्ट और वेस्टइंडीज के डेरेन ब्रावो सहित कई दिग्गज खिलाड़ी खेलेंगे। ये सभी खिलाड़ी छह टीमों की इस डीपी विश्व अंतरराष्ट्रीय टी20 लीग के दूसरे सत्र में भाग लेंगे। इस टूर्नामेंट में 34 मैच खेले जाएंगे और पहला मैच शारजाह वारियर्स और गल्फ जाइंट्स के बीच 19 जनवरी को खेला जाएगा। वहीं फाइनल 17 फरवरी को दुबई में होगा। दुबई में 15, अबुधाबी में 11 और शारजाह में आठ को मैच खेले जाएंगे। इस लीग में भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाज अंबाती रायुडू भी खेलते हुए नजर आयेंगे। रायुडू ने भी मुंबई इंडियंस अमीरात के साथ करार किया है। इसके अलावा मुंबई अमीरात रिलायंस इंडस्ट्रीज के अलावा अन्य टीमों में अबुधाबी नाइट राइडर्स कोलकाता नाइट राइडर्स, डेजर्ट वाइपर्स लांसर कैपिटल, दुबई कैपिटल्स जीएमआर, गल्फ जाइंट्स और अडानी स्पोटर्सलाइन व शारजाह वारियर्स कैप्री ग्लोब जैसी टीमें इसमें शामिल हैं। वॉर्नर, बोल्ट और ब्रावो के साथ इसमें सुनील नारायण, आंद्रे रसेल, कोरी एंडरसन, दासुन शनाका, रहमानुल्लाह गुरबाज, सैम बिलिंग्स, क्रिस वोक्स और मार्टिन गुप्टिल भी खेलेंगे। इस टूर्नामेंट का पहला मैच शारजाह वारियर्स और गल्फ जाइंट्स के बीच 19 जनवरी को खेला जाएगा।

# सैमसन को अपने को साबित करने के अवसर नहीं मिले : चोपड़ा

**मुम्बई (एजेंसी)।** पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने विकेटकीपिंग बल्लेबाज संजू सैमसन की प्रशंसा करते हुए कहा है कि एक अच्छे खिलाड़ी हैं पर उन्हें अपने को साबित करने के लिए पर्याप्त अवसर नहीं मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि सैमसन को केवल एक मैच के आधार पर आंकना गलत है। सैमसन को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के आखिरी एकदिवसीय में अवसर मिला था जिसमें उन्होंने शतक बनाया। इसके बाद अफगानिस्तान के खिलाफ टी20आई सीरीज के लिए उन्हें शामिल नहीं किया गया। आकाश के अनुसार जिसे भी आज़माएं, उसे कम से कम तीन अवसर तो देने ही चाहिये। उन्होंने कहा कि सैमसन के साथ उनके पूरे करियर में यही हुआ है। वह बार-बार अंदर बाहर होते रहे हैं जिससे उनकी निरंतरता भी प्रभावित हुई है। चोपड़ा ने कहा कि युवा विकेटकीपर जितेश शर्मा की अभी टी20 विश्व कप टीम में जगह पक्की नहीं है। जितेश ने अफगानिस्तान के खिलाफ चल रही टी20 सीरीज में दो मैचों में 31 रन बनाए हैं। चोपड़ा ने कहा कि आपको तय करना होगार कि नंबर 6 पर विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर जितेश या सैमसन में से किसे रखना चाहेंगे। जितेश की जगह अभी पक्की नहीं हुई है। ऐसे में अनुभवी होने के कारण सैमसन की दावेदारी बनी हुई है।



# आईसीसी ने जारी किया न्यूयॉर्क में होने वाले मैचों का कार्यक्रम

### -9 जून को भारत-पाक मुकाबले के लिए नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम तैयार

दुबई । 9 जून को भारत और पाकिस्तान के बीच न्यूयॉर्क में होने वाले टी20 विश्व कप मुकाबले की मेजबानी के लिए नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम तैयार है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने आगामी टी20 विश्व कप के लिए कार्यक्रम घोषित कर दिया है। नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की क्षमता 34,000 दर्शकों की है। आईसीसी ने कहा कि नव-निर्मित क्रिकेट टर्फ और मैदान अपनी तरह का पहला मॉड्यूलर स्टेडियम है। आईसीसी ने कहा, स्टेडियम में प्रीमियम और सामान्य प्रवेश, वीआईपी और आतिथ्य सुइट्स के साथ-साथ एक अद्वितीय पार्टी डेक और कैबाना सहित बैठने के विकल्पों की श्रृंखला होगी। आईसीसी आयोजन समिति के प्रमुख क्रिस टेटली ने बताया कि परीक्षण चरण 13 मई से शुरू होगा। इस चरण में अभ्यास मैच शामिल होंगे और आयोजकों को 3 जून से शुरू होने वाले विश्व कप मैच से पहले आयोजन स्थल की बेहतर समझ प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा, न्यूयॉर्क में अभ्यास मैच खेले जाएंगे जिससे हम क्रिकेट परिप्रेक्ष्य से जान सकें कि आयोजन स्थल कैसे चलता है।

**न्यूयॉर्क में आयोजित होने वाले टी20 विश्व कप मैच :-**

श्रीलंका बनाम दक्षिण अफ्रीका, 3 जून- भारत बनाम आयरलैंड, 5 जून- कनाडा बनाम आयरलैंड, 7 जून- नीदरलैंड बनाम दक्षिण अफ्रीका, 8 जून -भारत बनाम पाकिस्तान, 9 जून- दक्षिण अफ्रीका बनाम बांग्लादेश, 10 जून- पाकिस्तान बनाम कनाडा, 11 जून- यूएसए बनाम भारत, 12 जून।

# अंडर 19 विश्व कप के रनवे से भविष्य की ऊंची उड़ान भरने को आतुर भारत की युवा ब्रिगेड

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** क्रिकेट को भविष्य के सितारे देने वाला अंडर 19 विश्व कप शुक्रवार से जब यहां शुरू होगा तो कइयों के मुस्तकबिल बनेंगे और कई ख्वाब हकीकत का रूप लेंगे जबकि विरोधी टीमों का जोर पांच बार के चैम्पियन भारत का दबदबा तोड़ने पर होगा। यह सर्वविदित है कि अंडर 19 विश्व कप ने ही क्रिकेट जगत को कई भावी सितारे दिये हैं।

युवराज सिंह 2000 में, रोहित शर्मा 2006 में, विराट कोहली और रविंद्र जडेजा 2008 में , ऋषभ पंत और ईशान किशन 2016 में और शुभमन गिल 2018 में इसी टूर्नामेंट से चमके। लेकिन कई ऐसे भी हैं जो जूनियर स्तर की सफलता को सीनियर स्तर पर दोहरा नहीं सके जिनमें उन्मुक्त चंद, रविकांत शुक्ला, मनीष पांडे, यश धुल और कमलेश नागरकोटी शामिल हैं। सभी की नजरें भारतीय टीम पर लगी होंगी जिसके कप्तान पंजाब के उदय सहारन हैं।

भारत को शनिवार को पहले मैच में बांग्लादेश से खेलना है। ग्रुप ए में भारत और बांग्लादेश के अलावा अमेरिका और आयरलैंड भी है। यह टूर्नामेंट 11 फरवरी तक चलेगा जब बेनोनी में फाइनल खेला जायेगा। सोलह टीमों को चार ग्रुप में बांटा गया है और हर ग्रुप से शीर्ष तीन टीमें सुपर सिक्स में पहुंचेंगी जिसमें 12 टीमों को दो पूल में बांटा जायेगा। इनसे शीर्ष दो दो टीमें सेमीफाइनल खेलेंगी जो बेनोनी में ही छह और आठ फरवरी को होगा।

भारतीय टीम राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में कई शिविरों के बाद यहां आई है और इसने दो ही टूर्नामेंट (एशिया कप और दक्षिण अफ्रीका में त्रिकोणीय श्रृंखला) खेले हैं। एशिया कप में भारत सेमीफाइनल में हार गया जिसमें बांग्लादेश ने उसे चार विकेट से मात दी। उसके बाद हालांकि दक्षिण अफ्रीका में त्रिकोणीय श्रृंखला भारत ने अपराजेय रहकर जीती जिसमें अफगानिस्तान तीसरी टीम थी। फाइनल बारिश की भेंट होने से भारत और दक्षिण अफ्रीका संयुक्त विजेता रहे। भारत के बाद आस्ट्रेलिया ने सबसे ज्यादा तीन और पाकिस्तान ने दो बार अंडर 19 विश्व कप जीता है।

बांग्लादेश, दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और इंग्लैंड एक एक बार विजयी रहे। भारतीय टीम में अर्शिन कुलकर्णी भी हैं जो आईपीएल में अनुबंध पाने वाले इस टीम के दो खिलाड़ियों में से हैं। महाराष्ट्र प्रीमियर लीग की खोज अर्शिन ने टूर्नामेंट में नौ छक्के लगाये थे। वहीं चेन्नई सुपर किंग्स ने अरावेली अश्विन के साथ करार किया है जिसने नवंबर में चार देशों की श्रृंखला में 93 गेंद में 163 रन बनाये थे।

पिछले साल कूच बेहार ट्रॉफी में प्लेयर आफ द टूर्नामेंट रहे मुशीर खान और कप्तान उदय सहारन पर भी नजरे होंगी। गेंदबाज राज लिम्बानी ने हाल ही में नेपाल के खिलाफ सात विकेट लिये थे जबकि उपकप्तान स्वामी पांडे ने अफगानिस्तान के खिलाफ छह विकेट चटकाये थे। अन्य टीमों में न्यूजीलैंड के रहमान हिकमत, पाकिस्तान के तेज गेंदबाज उबेद शाह, अफगानिस्तान के आफ स्पिनर अल्लाह मुहम्मद गजांफर और इंग्लैंड के लुक बेंकेंस्टेन पर नजरें रहेंगी।



ग्रुप ए : बांग्लादेश, भारत, आयरलैंड, अमेरिका

ग्रुप बी - इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज

ग्रुप सी - आस्ट्रेलिया, नामीबिया, श्रीलंका, जिम्बाब्वे

ग्रुप डी - अफगानिस्तान, नेपाल, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान।

# प्री डायबिटीज को किया जा सकता है रिवर्स



केवल शकर खाने से ही कोई प्री-डायबिटिक नहीं हो जाता, बल्कि जिन लोगों में सामान्य से अधिक मात्रा में हेल्दी ब्लड शुगर पाया जाता है उनमें भी टाइप 2 डायबिटीज होने का खतरा 5 से 15 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। इतना ही नहीं प्री-डायबिटिक में हार्ट अटैक, स्ट्रोक, डिमेंशिया, किडनी और आंखों के डैमेज होने, रक्तसंचार सुचारू नहीं होने से पैरों में दर्द का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में प्री-डायबिटीज की पहचान करना जरूरी हो जाता है।

### वजन से डायबिटीज पर कंट्रोल

अधिकांश प्री-डायबिटिक को इस बात की जानकारी ही नहीं होती कि उन्हें यह समस्या है। इस वजह से वे समय पर सही कदम नहीं उठा पाते और डायबिटीज के मरीज बन जाते हैं। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ की रिसर्च के अनुसार दवाओं की तुलना में लाइफस्टाइल में परिवर्तन करने से अधिक लाभ मिलता है। शोधकर्ताओं का कहना है कि पांच चीजें ऐसी हैं जो कैंसर की आशंका को महिलाओं में 84 प्रतिशत और पुरुषों में 72 प्रतिशत तक कम कर सकती है, जैसे- पोषण युक्त आहार, नियमित व्यायाम, संतुलित वजन, अल्कोहल का कम सेवन और धूम्रपान पर रोक।

### पॉइंटर

-केवल 7 प्रतिशत तक वजन कम कर लेने से शरीर इंसुलिन के प्रति प्रतिक्रिया करने में सक्षम हो जाता है।
-इंसुलिन हॉर्मोन शरीर को 57 प्रतिशत तक ब्लड शुगर उपयोग कर लेने का संकेत देता है।

### कैलोरी पर कंट्रोल

कुछ आसान उपायों से प्री-डायबिटीज को रिवर्स किया जा सकता है जिसमें आहार की मात्रा पर नियंत्रण, सैचुरेटड फैट कम करना, जोकि डेयरी प्रोडक्ट और वसायुक्त मांस में पाया जाता है, फलों, सब्जियों और साबुत अनाजों के जरिए पर्याप्त मात्रा में फाइबर प्राप्त करना, हर दिन कम से कम 30 मिनट का व्यायाम या एक्टिविटी में शामिल होना। डायबिटीज के कारण चूंकि हार्ट अटैक और स्ट्रोक, किडनी फेल्यिर, नर्व डैमेज, सेक्सुअल समस्याओं, असामान्य रक्तसंचार का खतरा भी बढ़ जाता है इसलिए उपरोक्त उपायों के जरिए इन खतरों से भी दूर रहा जा सकता है।

### इन खतरों के बारे में अपने डॉक्टर से करें बात...

-यदि आप 45 साल के हो चुके हैं।
-वजन अधिक है।
-माता-पिता या भाई या बहन में से किसी को डायबिटीज की समस्या है।
-गर्भावस्था के दौरान डायबिटीज की समस्या रही हो या अधिक वजन वाले बच्चे को जन्म दिया हो।
-शारीरिक रूप से अधिक सक्रिय ना रहते हों।

### कुछ बातें हो सकती हैं कारगर...

-फैट और कैलोरी पर नजर रखना सबसे बड़ा टास्क होता है। इसके लिए एप की मदद ली जा सकती है, जो प्री-डायबिटिक के खाने के रूटीन को ट्रैक करता रहे। इसके जरिए फैट और कैलोरी पर नियंत्रण करना संभव हो सकता है।
-रोगी को प्रोत्साहित करने के लिए परिवार का साथ भी बेहद जरूरी है। यदि घर में ही खाने-पीने और व्यायाम का हेल्दी माहौल हो तो इससे तालमेल बिठाने में अधिक परेशानी नहीं होगी। परिवार का कोई सदस्य वॉक पर या जिम में रोगी का साथ दे सकता है।
-टेलीविजन देखने के दौरान खाते रहना भी डायबिटीज को आमंत्रण दे सकते हैं। इस दौरान न तो हमें अपने खाने की मात्रा का ध्यान रहता है और न ही इस बात का कि हम क्या खा रहे हैं?
-पोषक तत्वों के बारे में सही-सही जानकारी के लिए किसी आहार विशेषज्ञ की मदद भी ली जा सकती है और उनके निर्देशों के मुताबिक डाइट चार्ट तैयार किया जा सकता है।

# थाइरॉएड में शुगर और सोया से बचें



थाइरॉएड, गर्दन के सामने वाले हिस्से में तितली के आकार की ग्रंथि है। इससे निकलने वाले हार्मोंस शरीर की भोजन को ऊर्जा में बदलने की क्षमता को काबू में रखते हैं। इस ग्रंथि में गड़बड़ी आने पर हाइपो या हाइपर थाइरॉएडिज्म होता है और वजन तेजी से कम या बढ़ने लगता है। हृदय, बाल, नाखून व नींद पर भी इसका असर होता है। दवाओं के अलावा थाइरॉएड पीडितों के लिए खान-पान का ध्यान रखना भी जरूरी है।

### आयोडीन

शरीर में थाइरॉएड हार्मोन बनने के लिए आयोडीन की जरूरत होती है। चूंकि शरीर स्वयं आयोडीन नहीं बनाता, इसलिए उसे डाइट में लेना जरूरी हो जाता है। आयोडीन युक्त नमक का इस्तेमाल करें। ध्यान रखें कि समुद्री नमक या डिब्बा बंद खाद्य पदार्थों में इस्तेमाल होने वाले नमक में आयोडीन नहीं होता। नमक या उत्पाद खरीदते समय इसका ध्यान रखें।

### समुद्री भोजन

मछली, झींगा आदि तमाम तरह के समुद्री भोजन में आयोडीन प्राकृतिक रूप से मौजूद होता है। यदि हाइपर थाइरॉएडिज्म की शिकायत है, तो समुद्री भोजन अधिक मात्रा में नहीं लेना चाहिए। अगर थाइरॉएड ग्रंथि अधिक मात्रा में हार्मोन बनाती है तो अतिरिक्त आयोडीन स्थिति को और गंभीर बना देता है। उदाहरण के लिए समुद्री घास में आयोडीन बहुत अधिक मात्रा में होता है।

### हरी पत्तेदार सब्जियां, मेवे और बीज

मैग्नीशियम की कमी से हाइपो थाइरॉएडिज्म होता है, जिससे थकावट व मांसपेशियों में खिंचाव रहने लगता है। इसके लिए पालक, लेट्यूस, हरी पत्तेदार सब्जियां, काजू, बादाम और सीताफल के बीज खाएं। ब्राजील मेवों में मैग्नीशियम के साथ सेलेनियम भी होता है।

### सोयाबीन

विशेषज्ञों के अनुसार सोयाबीन लेना हाइपोथाइरॉएडिज्म की आशंका बढ़ाता है। यदि पर्याप्त आयोडीन नहीं ले रहे हैं तो सोया उत्पाद जैसे दूध व टोफू आदि में पाए जाने वाले रसायन थाइरॉएड की हार्मोन बनाने की क्षमता को प्रभावित करते हैं।

### चीनी

हाइपोथाइरॉएडिज्म में वजन तेजी से बढ़ता है। इसके लिए शुगर की मात्रा को कम रखना चाहिए। खासतौर पर ऐसे उत्पाद जिनमें कैलोरी अधिक व पोषक तत्व कम होते हैं, खाने से बचना चाहिए।

### दवाएं

कुछ दवाएं थाइरॉएड दवाओं के असर को कम करती हैं। खासतौर पर अगर वे लगभग एक ही समय ली जा रही हों। मल्टी विटामिंस, आयरन कैल्शियम सप्लीमेंट्स, एंटासिड, अल्सर या कोलेस्ट्रॉल को कम करने वाली दवाएं इनमें प्रमुख हैं। यदि आप ऐसी ही दवाएं ले रहे हैं तो थाइरॉएड व अन्य दवाओं में कुछ घंटे का अंतर अवश्य रखें।

### गोभी व ब्रोकली

गाइट्रोजेंस, तत्व का असर थाइरॉएड ग्रंथि के आकार बढ़ने के रूप में दिखायी देता है जैसे गॉइटर। शरीर में आयोडीन की कमी से यह समस्या होती है। ऐसी स्थिति में गोभी, ब्रोकली, बंद गोभी खाना आयोडीन ग्रहण करने की क्षमता को कम करता है। जरूरी है तो इन्हें पकाकर ही खाएं।

### ग्लुटेन

ग्लुटेन, गेहूं व जौ में पाया जाने वाला प्रोटीन है। ग्लूटेन की एलर्जी वालों को छोड़ दें तो ग्लूटन थाइरॉएड पर असर नहीं डालता। हां, अगर गेहूं आदि से एलर्जी है तो ग्लूटेन छोटी आंत को नुकसान पहुंचा कर थाइरॉएड ग्रंथि की प्रक्रिया को तेज या धीमा कर सकता है।

# सर्दियों में सेहत को दोगुना लाभ पहुंचाएंगे भीगे हुए काजू



सर्दियों के मौसम में लोग खुद को हेल्दी और फिट रखने के लिए कई तरीके अपनाते हैं। इस मौसम में पहनावे से लेकर खानपान तक में बदलाव आता है। वहीं इस मौसम में लोगों की इम्यूनिटी काफी कमजोर हो जाती है। जिसके कारण लोग वायरल, इंफेक्शन या भी अन्य बीमारियों का आसानी से शिकार हो जाते हैं। ऐसे में जरूरी होता है कि खुद को हेल्दी रखने के लिए अपने खानपान का सही ख्याल रखना चाहिए। आपको बता दें कि खुद को स्वस्थ रखने के लिए कई लोग डाइट में ड्राई फ्रूट्स को शामिल करते हैं। सर्दियों में ड्राई फ्रूट्स का सेवन सेहत के लिए लाभकारी होता है। इन्हीं में से एक काजू है। जिसके सेवन से कई फायदे मिलते हैं। वहीं सर्दियों में भीगे हुए काजू आपकी सेहत को दोगुना फायदा पहुंचा सकते हैं। ऐसे में अगर आप भी अब तक काजू के फायदों से अंजान थे, तो आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इसके फायदों के बारे में बताने जा रहे हैं।

### बेहतर होगा पाचन

सर्दियों में बहुत सारे लोगों को पाचन संबंधी समस्या होती है। जिसके कारण उनके रोजमर्रा का काम प्रभावित होने लगता है। वहीं यदि आप भीगे हुए काजू का सेवन करते हैं, तो आपको पाचन संबंधी समस्याओं में आराम मिल सकता है। बता दें कि भीगे हुए काजू मुश्किल घटकों को तोड़ने में मदद करते हैं। जिससे आपका पाचन बेहतर होता है।

### मजबूत होगी इम्यूनिटी

इसके साथ ही सर्दियों में इम्यूनिटी कमजोर हो जाती है। जिसके कारण हमें आसानी से बीमारियां व संक्रमण घेर लेते हैं। ऐसे में अगर आप भीगे हुए काजू का सेवन करते हैं, तो यह आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करता है। काजू में जिंक पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है, जो इम्यून सिस्टम को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाता है। वहीं इस मौसम में भीगे हुए काजू खाने से फ्लू और सर्दी से भी बचा जा सकता है।

### एनर्जी लेवल

काजू एक हेल्दी फैट का बढ़िया स्त्रोत है। इसमें मोनोअनसेचुरेटेड और पॉलीअनसेचुरेटेड फैट पाया जाता है। यह फैट आपको पूरा दिन एनर्जी देते हैं।

### स्किन के लिए हेल्दी

सर्दियों में सिर्फ सेहत ही नहीं बल्कि स्किन का भी खास ख्याल रखना पड़ता है। क्योंकि सर्द हवाएं हमारी स्किन की नमी छीन लेती हैं। इसलिए आप स्किन को हेल्दी रखने के लिए भीगे काजू का सेवन कर सकती हैं। बता दें कि भीगे काजू में विटामिन ई, सेलेनियम जैसे एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं। जो आपकी स्किन को हेल्दी बनाए रखने में मदद करते हैं। साथ ही यह आपको समय से पहले बूढ़े होने से बचाते हैं।

### ब्लड शुगर होगा कंट्रोल

बता दें कि भीगे हुए काजू का सेवन करने से ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल होता है। क्योंकि भीगे हुए काजू में फाइबर की अच्छी मात्रा आपके ब्लड शुगर को कंट्रोल करने में मदद करती है। साथ ही यह आपके एनर्जी लेवल को भी बनाए रखती है।

डिस्क्लेमर : इस लेख के सुझाव सामान्य जानकारी के लिए हैं। इन सुझावों और जानकारी को किसी डॉक्टर या मेडिकल प्रोफेशनल की सलाह के तौर पर न लें। किसी भी बीमारी के लक्षणों की स्थिति में डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

# सर्दियों में कैसा हो डाइटचार्ट

सर्दियों का मौसम सेहत बनाने का होता है। इस समय डाइजेशन सिस्टम पूरी क्षमता से काम करता है। सभी हैवी डाइट खाना पसंद करते हैं। ड्राईफ्रूट्स और नट्स मेन्यू में शामिल किए जाते हैं। हैवी डाइट की शर्त है कि उसके साथ खूब कसरत की जाए। हम जैसा भोजन करते हैं, उसका असर हमारे तन व मन दोनों पर होता है। मौसम के बदलते ही अपने शरीर को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने के लिए हमें अपने भोजन में कुछ फेरबदल करने होते हैं। हेल्थ कांशियस युवाओं के लिए यह मौसम चुनौतियों से भरा होता है। सर्द मौसम में व्यायाम कर अपने शरीर को ऊर्जावान बनाए रखना जरूरी है साथ ही ऐसा आहार जिनकी कम मात्रा लेने पर भी उनके शरीर को भरपूर कैलोरी मिले। सर्दियों में अपनी डाइट को लेकर आप कन्फ्यूज हैं तो हम लेकर आए हैं- सर्दी के मौसम में लो फैट विद हाई कैलोरी से भरपूर भोजन की जानकारी। इन्हें अपने डाइटचार्ट में शामिल कर आप अपने शरीर के बढ़ते वजन को नियंत्रित रख पाएंगे।

**सर्दियों में युवाओं की डाइट** -इस मौसम में अपने शरीर से थकान व आलस्य को दूर भगाने के साथ ही दिन भर स्फूर्ति और ऊर्जा से भरपूर रहने के लिए युवाओं को डाइट चार्ट का पालन करना चाहिए।

**ब्रेकफास्ट सुपर** - सुबह का नाश्ता हमें ऊर्जा देता है। नाश्ते में अंडे के साथ ब्रेड, उपमा, सैंडविच, डोसा आदि ले सकते हैं। रोजाना नाश्ते के बाद मलाई निकले हुए एक गिलास गर्म दूध का सेवन करना न भूलें। इन सबके साथ एक प्लेट फ्रूट या वेजीटेबल सलाद आपके नाश्ते को कम्प्लीट करेंगे।

**लंच स्पेशल** - दोपहर के भोजन में हरी सब्जी, चपाती, ताजा दही या छाछ, छिलके वाली दाल के साथ चावल, गरमा-गरम सूप ले सकते हैं। लंच में हरी चटनी भोजन में मल्टीविटामिन्स की कमी को पूरा करती है।

**डिलीशियस डिनर** - सर्दियों में रात को आप जल्दी भोजन करने की आदत डालें। रात का भोजन आपके दोपहर के भोजन की अपेक्षा हल्का होना चाहिए। रात को भोजन में आप खिचड़ी या दलिया जैसे हल्के भोजन का सेवन करें। सोने से कम से कम 4 घंटे पहले भोजन करने से शरीर में भोजन का पाचन अच्छे से होता है। रात को सोने से पहले हल्दी, खारेक या अदरक मिले एक गिलास गर्म दूध का सेवन अवश्य करें।



# क्यों बैठे हो खाली, बजाओ ताली! ताली बजाने से होंगे ये 5 रोग दूर

## गंभीर बीमारियों से बचने के लिए रोज ऐसे बजाएं ताली

क्यों बैठे हो खाली, बजाओ ताली! यह डायलॉग फेमस कार्टून मिक्की माउस का है। हालांकि यह डायलॉग आपकी सेहत के लिए बहुत काम का है क्योंकि ताली बजाना आपकी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है। अक्सर किसी भी खुशी के मौके पर या किसी उपलब्धि पर हम अक्सर ताली बजाते हैं। साथ ही किसी भी कॉन्सर्ट में या महफिल में गाने सुनते समय भी आप रिदम के साथ ताली बजाना पसंद करते हैं।

आपको बता दें कि ताली बजाने से आप कई बीमारियों को दूर कर सकते हैं। जी हां, सिर्फ ताली बजाने से आप अपने शरीर को सेहतमंद रख सकते हैं। आइए जानते हैं ताली बजाने से आपकी सेहत को क्या फायदे मिलते हैं ...

1. कोलेस्ट्रॉल होता है कम : ताली बजाने से रक्त में मौजूद कोलेस्ट्रॉल का स्तर कम होता है। इससे रक्तसंचार भी बेहतर होता है, जिससे खून की चाल तेज होती है और कोलेस्ट्रॉल कम होने में मदद मिलती है। कोलेस्ट्रॉल कम होने से आपका हृदय सेहतमंद रहता है और बेहतर तरीके से काम करता है।

2. ब्लड प्रेशर नियंत्रित : ताली बजाने से आपका ब्लड प्रेशर भी कंट्रोल होता है। इसके साथ ही हाई ब्लड प्रेशर से हार्ट बीट तेज हो जाती है जिस कारण से हार्ट संबंधी समस्याएं भी हो सकती हैं। ताली आपकी हार्ट बीट को भी नियमित करने में मदद करती है।

3. गंभीर रोगों से बचाव : ताली बजाने से आप कई गंभीर रोगों को दूर कर सकते हैं। हृदय रोग, डायबिटीज, गठिया जैसी बीमारी के लिए आप रोज ताली वाली एक्सरसाइज कर सकते हैं। हालांकि ताली की एक्सरसाइज में आपको लगभग 1500 बार ताली बजाना चाहिए जिससे आपको इन समस्या से जल्द राहत मिले और आपके शरीर का इन समस्या से बचाव भी हो।

4. एक्यूप्रेशर थेरेपी : क्लिनिक से महंगी एक्यूप्रेशर थेरेपी लेने से बेहतर है कि आप नियमित रूप से ताली की एक्सरसाइज करें। ऐसा इसलिए क्योंकि शरीर में कुल 340 प्रेशर बिंदु होते हैं। इनमें से करीब 29 बिंदु सिर्फ हथेली पर मौजूद होते हैं। ताली बजाने से आप एक्यूप्रेशर थेरेपी ले सकते हैं।

5. ऑक्सीजन का फ्लो : अक्सर हमारे शरीर में ऑक्सीजन का फ्लो सही मात्रा में नहीं होता है जिससे कई गंभीर बीमारियां होने लगती हैं। साथ ही शरीर में ऑक्सीजन की कमी से आपका चेहरा भी काला पड़ने लगता है। ऐसे में शरीर में ऑक्सीजन फ्लो बढ़ाने के लिए आप नियमित रूप से ताली बजाएं। इससे आपके शरीर में सही रूप से ऑक्सीजन फ्लो होगा और आपकी स्किन भी ग्लो करेगी।






स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः **जितेन्द्र चौधरी**, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in